दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 327
कोटद्वार रविवार
9 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## काला दिवस: दो हादसों में नौ की मौत

### गाजियाबाद के पर्यटकों की कार खाई में गिरी, तीन यात्रियों की मौत, नैनीताल जिले में छह की मौत

**देहरादून।** उत्तराखंड में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। गाजियाबाद के पर्यटकों की कार उत्तराखंड के देहरादून जिले में गहरी खाई में गिर गई। कार में सवार चार में से तीन यात्रियों की मौके पर मौत हो गई। कार के खाई में गिरने की सूचना पर एसडीआरएफ की टीम ने मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।



दूसरी ओर सड़क हादसे में नैनीताल जिले के बिंदुखत्ता वीआईपी गेट निवासी एक ही परिवार के छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। मौत के बाद परिवार में मातम छाया हुआ है। बताया जा रहा कि सभी लोग एक शादी समारोह में भाग लेने अपने मूल गांव उत्तर प्रदेश देवरिया जा रहे थे। तभी रास्ते में वे हादसे का शिकार हो गए।

चार में से एक गंभीर रूप से घायल यात्री को रेस्क्यू कर नजदीकि अस्पताल में भर्ती करवाया। देहरादून के कालसी चकराता मोटर मार्ग पर चापनू के पास कार दुर्घटना में तीन यात्रियों की मौत, और एक घायल हो गया है। कार सवार लोग यूपी के गाजियाबाद से चकराता घूमने जा रहे थे।

चापनू के पास कार गहरी खाई में जा गिरी। जिससे कार सवार ऋषभ जैन 27 पुत्र अतुल जैन निवासी पंचवटी कॉलोनी, गाजियाबाद,सूरज कश्यप 27 पुत्र नामालूम निवासी ग्राम दुहाई, गाजियाबाद व गुड़िया 40 पुत्री किशन सिंह निवासी छोटा बाजार सहादरा, दिल्ली की मौके पर मौत हो गयी। जबकि ज्ञानेंद्र सैनी 48 पुत्र नरपत सिंह निवासी 361 मालीवाला, गाजियाबाद गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों के शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिए विकासनगर मोर्च्यूरी लाया गया है। जबकि घायल हो हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दे दी है। परिजनों के पहुंचने का इंतजार किया जा रहा है।

दूसरी ओर एक अन्य दादसे में बताया जा रहा है कि दुर्गापाल कॉलोनी निवासी सेंचुरी मिल कर्मी सोनू शाह (27) शुक्रवार शाम अपनी पत्नी पूजा देवी, पांच साल की बेटी रुचिका, तीन साल बेटे दिव्यांशु, 21 वर्षीय भाई रवि, 12 वर्षीय बहन खुशी के साथ स्विफ्ट डिजायर कार से अपने गांव गालिबपुर देवरिया बिशंभरपुर जा रहे थे।

वहीं एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत के बाद बिंदुखत्ता क्षेत्र में शोक की लहर है। बताया जा रहा कि मृतक परिवार एक शादी समारोह में भाग लेने अपने मूल गांव उत्तर प्रदेश देवरिया जा रहा था।शनिवार देर रात 2:30 बजे देवरिया (उत्तर प्रदेश) अपने गांव पहुंचने से पहले श्रीदत्तगंज हाईवे पर कार चालक को झपकी आ गई। जहां कार अज्ञात वाहन से टकरा गई, जिससे कार में सवार एक ही परिवार के सभी छह लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। हादसा इतना दर्दनाक था कि पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को किसी तरह बाहर निकाला। लेकिन तब तक सभी की सांसें थम चुकी थी। शनिवार सुबह होते ही घटना स्थल पर आसपास गांव के लोगों की भीड़ लग गई।

बताया जा रहा है कि कार बकास से लदे ट्रक से टकराने के बाद डिवाइडर से जा टकराई। मौके से बकास गन्ने की खोई की गाड़ी नदारद मिली। ट्रक चीनी मिल से बगास लेकर निकला था। बताया जा रहा है कि हादसा बजाज चीनी मिल इटईमैदा को जाने वाला मोड़ पर हुआ।

## कांग्रेस नेता ने पार की हदें, बोले—राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज की जीभ काट देंगे

**डिंडीगुल , एजेंसी।** राहुल गांधी को सजा देने वाले जज को लेकर एक कांग्रेस नेता ने आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उक्त कांग्रेस नेता का नाम मणिकंदन है।

मणिकंदन ने कहा कि जब हमारी सत्ता आएगी हम राहुल गांधी को जेल भेजने के लिए फैसला सुनाने वाले जज की जीभ काट देंगे। इस बयान को लेकर मणिकंदन के खिलाफ आईपीसी 153बी सहित तीन धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने मणिकंडा की टिप्पणी पर कांग्रेस की खिंचाई की और कहा कि अदालतों को राहुल गांधी को न्यायपालिका को धमकी देने वाले पार्टी के लोगों के लिए जवाबदेह ठहराना चाहिए। बता दें कि 4 अप्रैल को राहुल गांधी गांधी को मामले में सूरत की एक सत्र अदालत ने जमानत दे दी थी।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का पायलट अवतार, फाइटर जेट सुखोई—30 से भरी उड़ान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमान सुखोई फाइटर जेट में उड़ान भरी। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने जानकारी दी कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को तेजपुर वायु सेना स्टेशन से सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान में उड़ान भरी। इससे पहले 2009 में पूर्व राष्ट्रपति प्रतिभा पाटिल ने अग्रिम पंक्ति के लड़ाकू विमान में उड़ान भरी थी।

आधिकारिक प्रवक्ता ने कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू छह से आठ अप्रैल तक असम के दौरे पर रहेंगे। अधिकारी ने कहा, आठ अप्रैल को राष्ट्रपति ने तेजपुर वायु सेना स्टेशन में सुखोई 30 एमकेआई लड़ाकू विमान से उड़ान भरेंगे।इससे पहले राष्ट्रपति ने 7 अप्रैल को काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में गज उत्सव—2023 का उद्घाटन किया। इसके बाद गुवाहाटी में माउंट कंचनजंगा अभियान—2023 को झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रवक्ता ने कहा कि उसी दिन वह गुवाहाटी में गुवाहाटी उच्च न्यायालय के 75 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित समारोह में भी शामिल होंगी।

## चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं पर नेता प्रतिपक्ष ने उठाए सवाल

हल्द्वानी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने चारधाम यात्रा के इंतजामों पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि चारधाम यात्रा शुरू होने में महज 15 दिन शेष हैं, लेकिन यात्रा मार्गों में इंतजाम अब तक पूरे नहीं किए जा सके हैं। शनिवार को मीडिया को जारी बयान में नेता प्रतिपक्ष आर्य ने कहा है कि अभी भी सरकार यह तय नहीं कर पाई है कि यात्रियों के रजिस्ट्रेशन की कौन सी प्रक्रिया लागू हो। चारधाम यात्रा में यात्रियों की संख्या सीमित करने और बिना ऑनलाइन पंजीकरण यात्रा न करने देने के फरमान से तीर्थ पुरोहितों व चारधाम यात्रा से जुड़े व्यवसायियों में आक्रोश व्याप्त है। पुरातन समय से चल रही यात्रा पर सरकार की इस नीति से दूरगामी दुष्प्रभाव पड़ेगा। आर्य ने कहा कि देश में कहीं भी किसी भी तीर्थ स्थान और धाम में यात्रियों की संख्या का निर्धारण नहीं किया गया है, लेकिन उत्तराखंड की चारधाम यात्रा में ऐसा कर दिया गया है। चारधाम यात्रा को सीमित करने के लिए कई प्रतिबंध लगाए हैं, इससे परंपरा प्रभावित होगी। साथ ही इससे जुड़े लोगों की आजीविका पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सरकार को ऑनलाइन के साथ—साथ ऑफलाइन पंजीकरण की सुविधा भी देनी चाहिए। कोरोना से उबरे राज्य के लोगों को मरहम लगाने के बजाय सरकार यहां के हक—हकूक धारी, पंडा समाज, पर्यटन व होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। कहा कि उत्तराखंड के युवा कर्ज लेकर प्राकृतिक आपदा और वैश्विक आपदा झेलने के बाद खुद को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मदद नहीं कर रही है। सरकार को जल्द ही चार धाम यात्रा से जुड़े सभी लोगों और तीर्थ पुरोहित समाज के हितों के अनुरूप निर्णय लेने की जरूरत है।

### असम सीएम सरमा का राहुल गांधी पर पलटवार, पूछा

## बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों की कमाई कहां छिपाई ?

**गुवाहाटी , एजेंसी।** अदाणी मामले को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार किया है। सरमा ने शनिवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह हमारी शालीलना थी कि हमने आपसे कभी नहीं पूछा कि आपने बोफोर्स और नेशनल हेराल्ड घोटालों से अपराध की कमाई कहां छिपाई है। खैर, हम अदालत में मिलेंगे।



दरअसल, राहुल गांधी ने आज एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने अरबपति कारोबारी गौतम अदाणी समेत छह नेताओं पर निशाना साधा था। उन्होंने गौतम अदाणी, गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, किरण कुमार रेड्डी, हिमंत बिस्व सरमा और अनिल एंटनी पर निशाना साधते हुए अपने ट्वीट में लिखा, "सच्चाई छुपाते हैं, इसलिए रोज भटकाते हैं। सवाल वही है— अदाणी की कंपनियों में बीस हजार करोड़ बेनामी पैसे किसके हैं?" कांग्रेस नेता अदाणी समूह को लेकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट सामने आने के बाद से लगातार हमलावर हैं। असम में 14 अप्रैल को बिहू उत्सव मनाया जाएगा जिसमें 14,000 से अधिक लड़के और लड़कियां भाग लेंगे। इस मौके पर पीएम नरेंद्र नरेंद्र मोदी भी मौजूद रहेंगे। मैं असम आने और कार्यक्रम में भाग लेने के लिए पीएम मोदी का आभार व्यक्त करता हूं। दरअसल जनवरी में अमेरिकी निवेशक हिंडनबर्ग रिसर्च ने दावा किया है कि अदाणी समूह दशकों से शेयरों के हेरफेर और अकाउंट की धोखाधड़ी में शामिल है। रिपोर्ट अदाणी एंटरप्राइजेज के 20,000 करोड़ रुपये के फॉलोऑन पब्लिक ऑफर (एफपीओ) से पहले आई थी। एफपीओ 27 जनवरी को खुलना था। लेकिन समूह ने इसे वापस ले लिया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि तीन साल में शेयरों की कीमतें बढ़ने से अदाणी समूह के मालिक गौतम अदाणी की संपत्ति 100 अरब डॉलर बढ़कर 120 अरब डॉलर हो गई। इस दौरान समूह की 7 कंपनियों के शेयर औसत 819 फीसदी बढ़े।

## 'इंन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का मतलब देरी नहीं डिलीवरी': पीएम

**चेन्नई/सिकंदराबाद, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में 5200 करोड़ की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कहा, भारत इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में क्रांतिकारी बदलाव देख रहा है। यह तेज़ी से रफ्तार पकड़ रहा है। हमने बजट में से इंफ्रास्ट्रक्चर के निवेश के लिए 10 लाख करोड़ अलग से रखे हैं जो 2014 के मुकाबले 5 गुणा अधिक है।



प्रधानमंत्री ने कहा, जहां तक रफ्तार की बात है तो तथ्य परिप्रेक्ष्य को समझने में मदद करेंगे। राष्ट्रीय राजमार्ग के हर साल बनने की रफ्तार 2014 से पहले की बनने की रफ्तार से दोगुनी हुई है। रेलवे में 2014 से पहले हर साल 600 रूट किलोमीटर का विद्युतीकरण होता था लेकिन यह अब 4000 रूट किलोमीटर पहुंच चुका है।

उन्होंने कहा, पहले इंन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का मतलब देरी हुआ करता था लेकिन अब इसका मतलब डिलीवरी है। देरी से डिलीवरी का यह सफर हमारी कार्य संस्कृति के कारण हुआ है। हम अपने करदाता द्वारा भुगतान किए जाने हर रुपए के प्रति उत्तरदायी हैं। हम विशिष्ट समय—सीमा के साथ काम करते हैं और समय से पहले ही परिणाम प्राप्त कर लेते हैं।

विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस मौके पर कहा, 2013—2014 में जहां भारत में साल के 6 करोड़ हवाई यात्री हुआ करते थे अब वह बढ़कर 14.5 करोड़ हो चुके हैं। कोविड से पहले जहां 4.2 लाख यात्री एक दिन में हवाई यात्रा करते थे, 2.5 साल बाद उस आंकड़े को पीछे छोड़ते हुए 4.55 लाख का नया रिकॉर्ड कायम हुआ है। उन्होंने कहा, पहले जहां आजादी के बाद से सिर्फ 74 हवाई अड्डे बने थे। हमने पिछले 9 सालों में ही 74 हवाई अड्डे, हेलीपैड और वॉटर डोम बनाए हैं। प्रधानमंत्री को पता है कि इस देश को आगे बढ़ाना है और इसलिए हम इस संख्या को अगले 4—5 सालों में 200 से अधिक ले जाएंगे

सिंधिया ने कहा, पहले जिस देश में 2013—2014 में जहां सिर्फ 400 प्लेन हुआ करते थे आज वह संख्या 700 से अधिक हो चुकी है। प्रधानमंत्री ने एयर इंडिया के विनिवेश की कल्पना की थी जिसके बाद 470 विमानों का सबसे बड़ा ऑर्डर गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में श्री रामकृष्ण मठ की 125वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भाग लिया। इस मौके पर राज्य के राज्यपाल आर. एन. रवि भी मौजूद रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा, रामकृष्ण मठ का मैं बहुत सम्मान करता हूं। इस मठ ने मेरे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रामकृष्ण मठ चेन्नई में 125वीं वर्षगांठ मना रहा है। ये मुझे खुशी का एक और कारण देता है। मैं तमिल भाषा, संस्कृति और चेन्नई के माहौल से प्यार करता हूं।

उन्होंने कहा, आज मुझे विवेकानंद हाउस जाने का मौका मिला। कन्याकुमारी में प्रसिद्ध शिला पर ध्यान करते हुए, स्वामी जी ने अपने जीवन के उद्देश्य की खोज की। मैं प्रेरित और ऊर्जावान महसूस कर रहा हूं। मैं यह देख कर खुश हूं कि प्राचीन विचार नई पीढ़ी तक पहुंच रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, देश भर के लोगों के पास हजारों वर्षों से एक राष्ट्र के रूप में भारत की स्पष्ट अवधारणा थी। यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना है। यह वही भावना है जिसके साथ रामकृष्ण मठ काम करता है। मोदी ने कहा, देश ने अगले 25 साल को अमृत काल बनाने की ठान ली है। इस अमृत काल का उपयोग पांच विचारों – पंच प्राणों को आत्मसात करके महान चीजों को प्राप्त करने के लिए किया जा सकता है। जो हैं— विकसित भारत बनाना, औपनिवेशिक मानसिकता के किसी भी निशान को हटाना, अपनी विरासत का जश्न मनाना, एकता को मजबूत करना और अपने विचारों पर ध्यान केंद्रित करना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेन्नई में रोड़ शो किया। इस दौरान सड़क के दोनों तरफ बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

हैदराबाद में कार्यक्रमों के बाद पीएम नरेंद्र मोदी चेन्नई पहुंचे, जहां राज्यपाल आरएन रवि, सीएम एमके स्टालिन, मंत्रियों, सांसदों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उनका स्वागत किया।

चेन्नई हवाई अड्डे के नए एकीकृत टर्मिनल भवन के उद्घाटन को लेकर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा, चेन्नई के इतिहास में आज का दिन बेहद महत्वपूर्ण है। चेन्नई भारत की क्षमता को दर्शाता है। चेन्नई एयरपोर्ट की क्षमता आज 50 फीसदी बढ़ जाएगी। यह राज्य को न केवल दक्षिण भारत बल्कि पूरे भारत के लिए प्रवेश द्वार बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

पीएम मोदी ने कहा, "हमने देशभर में डिजिटल पेमेंट की व्यवस्था बढ़ाई है लेकिन ऐसा पहले क्यों नहीं हुआ? इस लिए नहीं हुआ क्योंकि परिवारवादी ताकतें व्यवस्था पर... सिस्टम पर अपना कंट्रोल छोड़ना नहीं चाहती थीं। किस लाभार्थी को क्या लाभ मिले, कितना मिले ये नियंत्रण ये परिवारवादी अपने पास ही रखना चाहते थे।"

पीएम ने कहा, "इनके तीन मतलब सच थे। पहला इनके ही परिवार की जय—जयकार हो, दूसरा करप्शन का पैसा इनके पास आता रहे और तीसरा जो पैसे गरीब के लिए भेजे जाते थे वह पैसे इनके भ्रष्ट ईको सिस्टम के अंदर बांटने में काम आ जाए। ये तिलमिलाए हुए हैं, बौखलाहट में कुछ भी किए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ऐसे कई राजनीतिक दल कोर्ट पहुंच कि हमें सुरक्षा दो कि हमारे भ्रष्टाचार की किताबें कोई खोले नहीं, कोर्ट ने वहां भी उन्हें झटका दे दिया" प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर और उनकी राजनीति पर हमला करते हुए कहा, "कुछ मुट्ठीभर लोग विकास कार्यों से भौखलाए हुए हैं, ऐसे लोग जो परिवारवाद, भाई—भतीजावाद और भ्रष्टाचार को पोषित करते रहे उन्हें काम करने वाले लोगों से परेशानी हो रही है।

## औली और जोशीमठ पूरी तरह से सुरक्षित : सीएम

### देवभूमि उत्तराखण्ड तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए तैयार, मुख्यमंत्री ने किया औली मैराथन प्रतियोगिता का उद्घाटन, जोशीमठ में शुरू हुई दो दिवसीय औली मैराथन प्रतियोगिता

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : उत्तराखंड स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन एवं स्काई रनिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वाधान में जोशीमठ में राष्ट्रीय स्तर की दो दिवसीय मैराथन प्रतियोगिता शनिवार से शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जोशीमठ नरसिंह एवं नव दुर्गे मंदिर प्रांगण से मैराथन प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। जोशीमठ में आयोजित मैराथन के माध्यम से मुख्यमंत्री ने देश—विदेश के पर्यटकों को संदेश देते हुए आश्वस्त किया कि औली और जोशीमठ पूरी तरह से सुरक्षित है और चार धाम यात्रा के लिए तैयार है। जोशीमठ में आयोजित यह भव्य मैराथन इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष बर्फ ना गिरने के कारण औली में विंटर्स गेम नहीं हो सके, लेकिन आज जोशीमठ में मैराथन के भव्य आयोजन के बाद सभी काम अच्छे होंगे। चारों धामों की पवित्र यात्रा शुरू होने जा रही है। देवभूमि उत्तराखंड सभी तीर्थ यात्रियों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह से तैयार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जोशीमठ औली से हिमालयन मैराथन, फन रेस सहित अन्य खेलों का शुभारंभ होना हमारे लिए गौरव की बात है। हम लगातार उत्तराखंड में ऐसे कार्य, धरातल पर उतारने का प्रयास कर रहे हैं, जिससे यहां के पर्यटन को और अधिक बढ़ावा मिले। उन्होंने जोशीमठ में इस भव्य आयोजन के लिए सभी आयोजकों एवं इसमें भाग लेने वाले देश-वदेश के सभी खिलाड़ियों को भी ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के शुरुआती दिनों में जोशीमठ को लेकर जो भय का माहौल बनाया जा रहा था, आज सब सामान्य है। सरकार ने इस स्थिति से उभरने के लिए सकारात्मक काम किए हैं। इसी का परिणाम है कि 22 अप्रैल से शुरू होने वाली हमारी चारधाम यात्रा के लिए 11.30 लाख से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले वर्षों से अधिक संख्या में श्रद्धालु उत्तराखंड के तीर्थ धाम में दर्शन के लिए पहुंचेंगे और पिछले वर्षों के सारे रिकॉर्ड पीछे छूट जाएंगे। स्की माउंटेनियरिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय भट्ट ने कहा कि औली मैराथन के अंतर्गत स्काई रनिंग और स्काई अल्ट्रा रेस का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों के 300 से अधिक एथलीट प्रतिभाग कर रहे हैं। जोशीमठ क्षेत्र के विद्यालय एवं ग्राम सभाओं के लोग भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनवरी माह में जोशीमठ आपदा और औली में कम बर्फबारी के कारण विंटर गेम्स का आयोजन संभव न होने से पर्यटन व्यवसाय प्रभावित हुआ है। सुरक्षित जोशीमठ का संदेश पहुंचाने और पर्यटन व्यवसाय को उभारने के लिए औली मैराथन का आयोजन किया जा रहा है। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, बीकेटीसी के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, बीजेपी के जिला अध्यक्ष रमेश मैखुरी, जोशीमठ नगर पंचायत अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, ब्लाक प्रमुख हरीश पंवार, गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा पासवान, कर्णप्रयाग नगर पालिका अध्यक्ष दमयंती रतूड़ी, स्थानीय जन प्रतिनिधि विनोद कपरवान, ऋषि प्रसाद सती, नितेश चौहान, माधव प्रसाद सेमवाल, रिपुदमन सिंह रावत, अतुल शाह, रोहणी रावत, जगदंबा प्रसाद उनियाल आदि सहित जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल, सीडीओ डा. ललित नारायण मिश्र सहित अन्य अधिकारी व बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जनता मौजूद थी।



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ में औली मैराथन प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए।**



**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जोशीमठ में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए।**

## पीएम के बार—बार दौरे से पता चलता है कर्नाटक में भाजपा कितनी कमजोर है : कांग्रेस

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दक्षिणी राज्य के बार—बार दौरे से पता चलता है कि कर्नाटक में भाजपा कितनी कमजोर है। रिपोर्ट के अनुसार, कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होने जा रहा है। कर्नाटक कांग्रेस के अध्यक्ष डी.के. शिवकुमार ने मीडियाकर्मियों से बात करते हुए कहा कि राज्य की जनता ने भाजपा सरकार को गिराने का फैसला लिया है, जिसे भगवा दल के नेता जानते हैं और इसीलिए भाजपा के केंद्रीय नेता बार—बार राज्य का दौरा कर रहे हैं। शिवकुमार ने कहा, नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री हैं और वह जितनी बार चाहें राज्य में आ सकते हैं। लेकिन अब वह चुनाव प्रचार के लिए कर्नाटक का बार—बार दौरा कर रहे हैं, जो दर्शाता है कि राज्य में भाजपा कितनी कमजोर है।

# आपदा प्रभावितों की करेगें हर संभव मदद : धामी

जयन्त प्रतिनिधि।

चमोली : मुख्यमंत्री ने जीएमवीएन जोशीमठ में आपदा राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की। सीएम ने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों की हर संभव मदद की जाएगी। कहा कि जो लोग मुवाअजा ले सकते हैं उनको मुवाअजा ले लेना चाहिए यह सबसे अच्छा मुवाअजा है पुर्नवास के लिए भूमि चयनित की जा रही है। कहा कि जो भी हम अच्छा से अच्छा कर सकते हैं वो करेंगे।

जिलाधिकारी हिमांशु खुरानो ने आपदा राहत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 167 परिवारों का विस्थापन किया गया है और भूस्वामियों को अब तक 10.46 करोड की धनराशि वितरित की जा चुकी है। साथ ही राहत साम्रगी वितरित की जा रही है और प्रभावितों का हैल्थ परीक्षण किया जा रहा है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने औली रोड में प्री फैबरीकेटेड हाउसों का निरीक्षण किया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद भट्ट, कर्णप्रयाग विधायक अनिल नौटियाल, थराली विधायक भूपाल राम टम्टा, जोशीमठ नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र पंवार, ब्लाक प्रमुख हरीश पंवार, पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल, सीडीओ डा.ललित नारायण मिश्र सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।




## विवि की लापरवाही से छात्रों को नहीं मिल रही छात्रवृत्ति

विकासनगर। श्रीदेव सुमन विश्वविद्यालय की लापरवाही पर लगाम कसने में राजभवन और सरकार के नाकाम रहने का आरोप जन संघर्ष मोर्चा ने लगाया है। मोर्चा का कहना है कि विश्वविद्यालय की लापरवाही का खामियाजा हजारों छात्र–छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है। शनिवार को अस्पताल रोड स्थित कैंप कार्यालय में मीडिया से रूबरू होते हुए मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ नेगी ने कहा कि प्रदेश में महाविद्यालयों की संबद्धता के मामले में भी लापरवाही बरती जा रही है।

कई महाविद्यालयों की संबद्धता वर्ष 2020 में ही समाप्त हो गई, बावजूद इसके विश्व विद्यालय प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है। विश्व विद्यालय की लापरवाही से महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं की छात्रवृत्ति नहीं मिल रही है।

# डीएम और एसपी ने लिया यात्रा इंतजामों का जायजा

उत्तरकाशी : चारधाम यात्रा व्यवस्था की तैयारियों के बीच डीएम अभिषेक रूहेला और एसपी अर्पण यदुवंशी ने संयुक्त रूप से यमुनोत्री धाम यात्रा इंतजामों को परखा। इस दौरान डीएम ने यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरे मलबा तथा नालियों में मिट्टी और पत्थर भरे होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 अप्रैल तक हर हाल में व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शनिवार को डीएम अभिषेक रूहेला के साथ ही एसपी अर्पण यदुवंशी और यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान डीएम रूहेला ने एनएच के अधिकारियों को हाईवे से मलबा हटाकर सड़क को बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने लोनिवि को राजमार्ग को पांच दिनों के भीतर दुरस्त कर गड्ढामुक्त बनाने के लिए किए जा रहे पैचवर्क के काम को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। डाबरकोट भूस्खलन जोन में मार्ग बंद होने पर दोनों किनारों पर जेसीबी मशीन और मजदूरों की तैनाती करने को कहा। यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। डीएम ने कहा कि पर्यटन पुलिस चैकियों, ड्यूटी प्वाइंट, यात्री पंजीकरण केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्रों आदि पर कर्मचारियों की रहने–खाने की उचित व्यवस्था करें। संवेदनशील स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने तथा नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने को पुलिस विभाग को विशेष टीम गठित करने के लिए कहा। फूलचट्टी घोड़ा–पड़ाव के पास जिला पंचायत द्वारा पॉलीथीन शीट से अस्थाई शौचालय निर्मित किए जाने पर डीएम नाराज हो गए। उन्होंने वहां पर सुलभ इंटरनेशनल को चार टिनशेड शौचालय बनाने को कहा। जानकी चट्टी घोड़ा–पड़ाव प्रीपेड सेंटर के पास शौचालय बनाने के निर्देश भी दिए। (एजेंसी)

## अभिभावकों ने छात्रों के चयन पर जताई खुशी

चमोली : राजकीय प्राथमिक विद्यालय डडुवागाड (चोपता) के दो छात्रों का चयन राजीव गांधी नवोदय विद्यालय गैरसैंण के लिए हुआ है। छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताते हुए दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र मनोडी ने बताया कि विद्यालय की छात्रा पावनी तथा शैलेश जोशी ने राजीव गांधी नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण की है।

# वसूली के पैसे देने से इन्कार करना बना मौत की वजह

विकासनगर। उत्तराखंड के इस शहर में वसूली के चंद रुपयों के लिए मना करना एक 20 साल के नौजवान को काफी महंगा पड़ गया है। आरोप है कि आरोपियों ने युवक का मर्डर कर दिया। आरोपी लोगों से अवैध वसूली का काम करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ढकरानी गांव में गुरुवार रात खेत में काम करने जा रहे युवक आमिर (20) की हत्या कर दी गई। आरोपी ने पहले आमिर को जमीन पर पटक दिया। बाद में कोहनी से सीने पर कई वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। मृतक के पिता ने पुलिस को नामजद तहरीर देकर आरोपी फैजान पर केस दर्ज कराया है। एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि हत्यारोपी फैजान का पिता गुलफाम हिस्ट्रीशीटर है। हत्यारोपी अवैध वसूली करता है। आमिर ने वसूली के पैसे देने से इनकार कर दिया था। इसको लेकर गुरुवार को दोनों में विवाद भी हुआ था। इसी रंजिश के चलते फैजान ने हत्या की। वहीं, पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है।

शराफत अली पुत्र कासम निवासी वार्ड–14 ढकरानी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर में बताया कि गुरुवार रात नौ बजे बेटा आमिर चचेरे भाई इमरान, सलमान संग यमुना किनारे खेत में काम करने जा रहा था। तभी वहां पीछे से घात लगाकर बैठे फैजान पुत्र भूरा निवासी वार्ड–बारह ढकरानी ने आमिर पर जानलेवा हमला किया। इससे पहले उसके भतीजे कुछ समझ पाते, आरोपी फरार हो गया। दोनों भतीजों ने गंभीर अवस्था में आमिर को लेहमन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एसएसआई भुवन चंद्र पुजारी ने बताया कि आरोपी फैजान के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## सचिवालय बुल्स और रॉयल स्ट्राइकर्स ने जीते मैच

देहरादून। अंतर सचिवालय टी–20 क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन सचिवालय बुल्स और सचिवालय रॉयल स्ट्राइकर्स ने जीत दर्ज की। नरेंद्र और चन्दन सिंह बिष्ट को मैन ऑफ द मैच चुना

महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में शनिवार को पहला मैच सचिवालय विंग्स और सचिवालय बुल्स के बीच खेला गया। विंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सुंदर सिंह के 51 रनों के दम पर 151 रन का स्कोर खड़ा किया। जबाब में बल्लेबाजी करने उतरी बुल्स ने नवीन तोमर 42, देवराज 41 रनों की बदौलत तीन विकेट से मुकाबला जीत लिया।

# पर्यटकों से गुलजार रहे चकराता के पर्यटन स्थल

विकासनगर। वीकेंड के चलते चकराता में पर्यटकों का हुजूम उमड़ा हुआ है। शनिवार दिन भर क्षेत्र के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलज़ार रहे। इसके साथ ही पर्यटकों की आमद से होटल व्यवसायियों के साथ ही अन्य व्यापारियों के चेहरे भी खिल उठे।

गुड़ फ्राइडे के साथ लंबा वीकेंड पड़ने से शुक्रवार देर शाम से चकराता में पर्यटकों का आना शुरू हो गया था जो शनिवार को भी जारी रहा। देखते ही देखते क्षेत्र के होटल पर्यटकों से पैक हो गए। शनिवार को भी बड़ी संख्या में पर्यटकों ने चकराता के साथ ही टाइगर फाल, रामताल गार्डन, सनसेट प्वाइंट, देवबन, मोयला टॉप, लोखंडी का दीदार किया। पौराणिक स्वयंभू चिंताहरण महादेव मंदिर और प्राचीन एमईएस लाईन गुरुद्वारे में भी पर्यटकों दर्शन किए। पर्यटक स्थलों पर पहुंचकर पर्यटकों ने क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाने के साथ ही मनमोहक नजारों को अपने कैमरों में कैद किया। इसके साथ ही पर्यटकों ने स्थानीय उत्पादों की खरीदारी की। जिसके चलते देर रात चकराता बाजार भी गुलजार रहा। सोडाला जयपुर से आए नितिन गोयल, गुड़गांव के डॉ. साहिब रेड्डी, पश्चिम बंगाल के नामग्याल बांगड़ी, कुरुक्षेत्र के सुनील, सिरजन सिंह, सागर के मनजीत, कनिष्का आदि का कहना है कि मैदानों में गर्मी होने लगी है, लेकिन चकराता में अभी भी ठंडी हवाओं के बीच उन्हें सर्दी सा एहसास हो रहा है।



## एक नजर

### पीएमजीएसवाई कार्यालय का खोला ताला

उत्तरकाशी : चिन्यालीसौड़ विकासखंड के अंतर्गत कोट-बागी मोटर मार्ग के डामरीकरण और चौड़ीकरण की मांग को लेकर पीएमजीएसवाई कार्यालय में तालाबंदी के बाद आंदोलनकारियों ने सशर्त ताला खोल दिया है। हालांकि पीएमजीएसवाई दफ्तर के समक्ष ग्रामीणों का अनिश्चितकालीन धरना छः दिन से जारी है। शनिवार को कोटबागी मार्ग निर्माण कार्य संघर्ष समिति से जुड़े आंदोलनकारियों ने पीएमजीएसवाई चिन्यालीसौड़ कार्यालय में छह दिनों से लटके ताले को खोल दिया। शर्त रखी है कि जब तक सड़क निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो जाता, कार्यालय के बाहर सुबह 10 से शाम पांच बजे तक धरना जारी रहेगा। यदि कार्य की गुणवत्ता खराब पाई गई और कार्य में देरी की गई तो फिर से तालाबंदी के लिए मजबूर होंगे। वहीं, 10 अप्रैल से सुलीठांग से प्रतिकर भुगतान की कार्यवाही शीघ्र अमल में लाने की शर्त रखी है। ठेकेदार द्वारा काम बंद करने अथवा देरी की दशा में निगरानी समिति सरकार से पत्राचार करेगी। धरना स्थल पर समिति के अध्यक्ष जोत सिंह बिष्ट, सुभाष नौटियाल, गोपाल रावत, सुमन बडोनी, मेहरबान सिंह नेगी, विरेंद्र पंवार, राकेश कुमार, खुशपाल सिंह, लाखीराम, विजय बडोनी, शशि प्रकाश आदि थे। (एजेंसी)

### 14 अप्रैल को होगा सीडीएस रावत की प्रतिमा का अनावरण

देहरादून। देश के प्रथम सीडीएस जनरल बिपिन रावत की स्मृति में देहरादून में कनक चौक पर नौ फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की जा रही है। 14 अप्रैल को सीएम पुष्कर सिंह धामी और सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी प्रतिमा का अनावरण करेंगे।

शनिवार को जोशी ने कालीदास रोड स्थित सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास निदेशालय में अनावरण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक के बाद मीडिया कर्मियों से बातचीत में जोशी ने कहा कि जनरल रावत देश का गौरव थे। पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक का श्रेय भी उन्हीं को है।

# राफ्टिंग गाइड और संचालक पर गैर इरादतन हत्या का आरोप

ऋषिकेश। मुनिकीरेती थाना पुलिस ने राफ्टिंग गाइड समेत राफ्टिंग संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। आरोप है कि राफ्टिंग गाइड और संचालक की लापरवाही के चलते एक दिन पहले 7 अप्रैल को राजस्थान का एक पर्यटक राफ्टिंग के दौरान गंगा में डूबा, जिसका दूसरे दिन शनिवार को भी कुछ पता नहीं चल सका है। एक दिन पहले मुनिकीरेती थाना क्षेत्रांतर्गत राफ्टिंग के दौरान राजस्थान निवासी हरीश मीणा पुत्र रतन लाल मीणा गहरे पानी में लापता हो गया था। मामले में शनिवार को गंगा में डूबे हरीश के साथी विकास कुमार मीणा ने मुनिकीरेती थाने में लिखित शिकायत की है। बताया कि बीते शुक्रवार को जयपुर, राजस्थान से दोस्तों के साथ मुनिकीरेती घूमने आए थे। हिमालयन टाइगर्स एडवेंचर राफ्टिंग बुक की गई। आरोप लगाया कि राफ्टिंग संचालक ने उनसे पूरे पैसे वसूले, लेकिन सुरक्षा के मानक नहीं अपनाए। एक गाइड के भरोसे राफ्ट गंगा में उतार दी। बताया कि राफ्टिंग के दौरान सभी को बिना कोई जानकारी दिए ओशो आश्रम के पास सभी लोगों को राफ्ट से पानी में उतार दिया। तभी पीछे से आ रहे एक अन्य राफ्ट वाले ने लापरवाही से राफ्ट उनके साथी हरीश कुमार मीणा के ऊपर से निकाल दी। अप्रत्याशित घटना से उनका साथी हरीश गंगा में डूब गया। विकास ने आरोप लगाया कि हिमालयन टाइगर एडवेंचर के गाइड ने गंगा में डूब रहे उनके साथी को बचाने का प्रयास नहीं किया। न ही बचाव के लिए जल पुलिस और किसी अन्य को बुलाया। यही नहीं पीछे से आनी वाली राफ्ट को रुकने का इशारा भी नहीं किया। इसी बीच हरीश गहरे पानी में लापता हो गया।

आरोप लगाया कि राफ्ट संचालक ने राफ्ट चालक नहीं भेजा पर्यटकों को महज एक गाइड के भरोसे गंगा में उतार दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक रितेश साह ने बताया कि लिखित शिकायत के आधार पर राफ्टिंग गाइड दीनानंद भारद्वाज और राफ्टिंग संचालक के खिलाफ धारा 304 ए का मामला दर्ज कर लिया है।

## 35 युवाओं को मिलेगा निशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण

ऋषिकेश। सॉफ्ट्रॉनिक्स सोशल वेलफेयर सोसायटी ने मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसके तहत डोईवाला के अल्पसंख्यक वर्ग के 35 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। डोईवाला में सॉफ्ट्रॉनिक्स सोशल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक ने किया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर नए आयामों को छू रहा है। अल्पसंख्यक आयोग द्वारा अंतिम पायदान पर खड़े जनमानस के लिए सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हुनर योजना के तहत सैकड़ों छात्र–छात्राएं प्रशिक्षण ले रही हैं ।

# साधना, उपासना और आराधना की धरती है उत्तराखंडः स्वामी चिदानंद

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन गंगा तट पर उपनिषद् भगवत गीताः ध्यान योग पर नौ दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। अनुष्ठान में सहभाग हेतु दक्षिण भारत से हजारों की संख्या में साधक परमार्थ निकेतन पधारे। सभी साधक नौ दिनों तक गंगा आरती, हवन यज्ञ सहित अन्य धार्मिक क्रियाओं में सहभाग करेंगे।

शनिवार को नौ दिवसीय अनुष्ठान का शुभारंभ परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती और ग्लोबल इंटरफेथ वाश एलायंस की अन्तर्राष्ट्रीय महासचिव साध्वी भगवती सरस्वती ने किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने दक्षिण भारत से गंगा तट पर आकर साधना कर रहे साधकों का अभिनन्दन करते हुए कहा कि परमार्थ निकेतन में दक्षिण और उत्तर का अद्भुत संगम दिखायी दे रहा है। यह अद्भुत और अलौकिक दृश्य है। प्रतिवर्ष यहां पर सभी साधक आएं और इस पवित्र वातावरण का आनन्द लें। कहा कि यह भगवान नीलकंठ की धरती है, प्रभु श्री राम और लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न की धरती है, जिन्होंने यहां आकर साधना की। यह धरती साधना, उपासना और आराधना की धरती है, चिंतन, मनन और मंथन की धरती है। इसलिये उत्तराखंड में तीर्थाटन की दृष्टि से आएं, क्योंकि तीर्थ भाव से बाहर का आनन्द नहीं बल्कि भीतर का आनन्द भी प्राप्त होता है।

वेदांत दर्शन उपनिषद् पर आधारित है, जिसके माध्यम से आप सभी ब्रह्म की अवधारणा को समझ पाएंगे, क्योंकि यही उपनिषद् का केंद्रीय तत्व है। वेद ज्ञान के परम स्रोत है।

भगवती सरस्वती ने कहा कि इस अनुष्ठान में गंगा जी की दिव्य आरती, सत्संग, प्रतिदिन यज्ञ, ज्ञान यज्ञ, गीता यज्ञ, उपनिषद् यज्ञ आदि कार्यक्रम किए जा रहे हैं। दक्षिण भारत से पधारे आचार्य रमणचरनतीर्थ नोचूर वेंकटरमण ने कहा कि इस अनुष्ठान को लेकर परमार्थ निकेतन परिवार की सराहना की।

# सीएम से की समस्याओं के निस्तारण की मांग

नई टिहरी : नागरिक मंच पदाधिकारियों ने नई टिहरी नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। उन्होंने सीएम से समस्याओं के निस्तारण की मांग की। नई टिहरी नागरिक मंच के अध्यक्ष सुंदरलाल उनियाल की अध्यक्षता में बैठक कर मंच पदाधिकारियों ने कहा कि बीते दो अप्रैल को नागरिक मंच की संपन्न हुई बैठक में नगरवासियों के लंबित पेयजल शुल्क को माफ करने पर मंच की ओर से मुख्यमंत्री और भाजपा जिलाध्यक्ष का आभार व्यक्त किया गया। मंच अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से बांध विस्थापित और प्रभावितों के पेयजल और सीवर शुल्क से संबधिंत आगामी बिलों हेतु हनुमंतराव कमेठी की संस्तुति के आधार पर निर्णय लेने, नगरवासियों के लिये शुद्ध पेयजल हेतु रीह घुत्तु ग्रेविट योजना का निर्माण करने, बौराड़ी के 41 विस्थापित परिवारों को शासन की ओर से स्वीकृत भवन निर्माण सहायता अविलंब देने की मांग की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में डीएम से भी समस्याओं के उचित समाधान की जाऐगी। ज्ञापन भेजने वालों में मंत्री जगजीत नेगी, संरक्षक चंडी प्रसाद डबराल, चतर सिंह चौहान, त्रिलोक चंद रमोला, नरोत्तम जखमोला, दिवान सिंह नेगी, राजेंद्र असवाल आदि हैं। (एजेंसी)

## चोरी की वेल्डिंग मशीन के साथ आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत बाबूगढ़ से एक व्यक्ति के घर से चोरी हुई वेल्डिंग मशीन के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी की वेल्डिंग मशीन के साथ आरोपी को गिरफ्तार किर दिया है। आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। शुक्रवार को रूमित कुमार पुत्र मुंसीराम निवासी बाबूगढ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी वेल्डिंग मशीन चोरी हो गयी है। जिस पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोर की तलाश शुरु की।

# तीर्थनागरी में जाम ने निकाला दम

ऋषिकेश। ऋषिकेश की सड़कों पर शनिवार को वाहनों का दबाव अत्यधिक बढ़ गया। जगह–जगह जाम लगने से पर्यटकों समेत स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान हर कोई प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस को कोसता नजर आया। शनिवार को श्यामपुर रेलवे फाटक, इंद्रमणि बड़ोनी चौक और कोयलघाटी में वाहन रेंग–रेंगकर चले।

श्यामपुर में दिनभर भयंकर जाम लगा। बदरीनाथ नेशनल हाईवे पर श्यामपुर रेलवे क्रॉसिंग के फाटक पर दिनभर वाहन सवारों की जाम के चलते फजीहत हुई। इंद्रमणि बड़ोनी चौक भी यातायात को सुचारु रखने के इंतजामों के अभाव में जाम रहा। शहर में पुलिस के ट्रैफिक प्लान से थोड़ी राहत जरूर मिली, लेकिन स्लो ट्रैफिक की समस्या से यह भी नाकाफी नजर आई। प्रशासन और पुलिस के लाख दावों के बावजूद शहर से लेकर गांव तक यातायात व्यवस्था की पोल खुलती रही। हैरानी की बात यह है कि स्थानीय विधायक राज्य के शहरी विकास मंत्री हैं। वह भी हररोज हाईवे और श्यामपुर बाईपास मार्ग से काफिले के साथ गुजरते हैं। बावजूद, वह इस नियमित समस्या के निदान के लिए गंभीर नहीं दिख रहे हैं।



# आज अगर कोई अपने अधिकारों की बात करता है तो उसे देशद्रोही बना दिया जाता हैः कॉंग्रेस

ऋषिकेष। कांग्रेस ने ऋषिकेश में जय भारत सत्याग्रह शुरू कर दिया है। इसके तहत कांग्रेस विभिन्न क्षेत्रों में बैठककर लोगों को सरकार की जनविरोधी नीतियों के बारे में जागरूक कर रहे हैं। शनिवार को नगर निगम ऋषिकेश के वार्ड नम्बर 23 सर्वहारानगर में कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह के तहत कार्यक्रम आयोजित हुआ। कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला व महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी ने कहा कि आज देश में सत्याग्रह की आवश्यकता क्यों पड़ रही है, क्योंकि आज न तो देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, और न ही देशवासी। भाजपा सरकार में क़ानून व्यवस्था समाप्त हो गई है। महिलाएं सुरक्षित नहीं है और दूसरी तरफ महंगाई चरम पर है। अगर आज कोई अपने अधिकारों की बात करता है तो उसे देशद्रोही बना दिया जाता है। उसके ऊपर झूठी कानूनी कार्यवाही की जाती है। यह सरकार हिटलर के रूप में कार्य कर रही है, जिसका हम जन सत्याग्रह के माध्यम से सरकार के अड़ियल रवैये के विरूद्ध आंदोलन करेंगे। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि आज जिस प्रकार देश व प्रदेश के हालात हैं, उससे साफ होता है कि हमें एकजुट होकर सरकार की कुनीतियों पर आवाज़ उठाना चाहिए। इसके लिए मातृ शक्ति को आगे आना चाहिए और घर–घर जाकर लोगों को जागरूक करना चाहिए। हम कांग्रेस जन इस सत्याग्रह के माध्यम से आमजन के साथ संवाद स्थापित कर सरकार की पोल खोलने का काम कर रहे हैं।मौके पर विद्यावती देवी, गीता बैरागी, अशोक, राजवीर चौहान, गीता देवी, अंजु सिंह, आशा देवी, उषा देवी, संतोषी देवी, कुसुम, विद्या, अमृत, गुड्डी, सीमा, साधना, विनोद, चन्द्रपाल, आशा, कुसुम देवी, रेखा, सीमा, आशा, नन्दलाल, चन्द्रकान्ता, कमला, विद्यावती, तारा देवी, अंजु, विमला देवी, तारा, संगीता, मनीषा आदि उपस्थित रहे।उधर, रानीपोखरी में जय भारत सत्याग्रह के तहत चौपाल आयोजित हुई। जिसमें सर्वप्रथम डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष महेंद्र भट्ट का स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि भाजपा सरकार लगातार विपक्ष की आवाज को दबाने का कार्य कर रही है। जिससे लोकतंत्र खतरे में हैं। पूर्व जिलाध्यक्ष गौरव चौधरी ने कहा कि पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म कर सरकार ने तानाशाही का परिचय दिया है।

डोईवाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि भाजपा राज में सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर किया गया है, संवैधानिक मूल्यों व प्रावधानों पर आक्रमण किया जा रहा है। मौके पर रानीपोखरी ग्राम प्रधान सुधीर रतूड़ी, डोईवाला गन्ना समिति अध्यक्ष मनोज नौटियाल, राजबीर खत्री, सुरेंद्र करतार नेगी, लक्ष्मण बिष्ट, पूर्व प्रधान इंदर पाल, ग्राम प्रधान रेखा बहुगुणा, पूर्व ग्राम प्रधान पूर्णानंद तिवारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंशुल त्यागी, नरेंद्र चौहान, चंद्र किशोर शर्मा, कमलजीत कौर, सावन राठौर, उमेद बोरा, जितेंद्र कुमार, ग्राम प्रधान अनिल, इंदरजीत सिंह, बलवंत सिंह मनवाल, मोहित नेगी, चंद्र प्रकाश काला,जय प्रकाश शर्मा, ओम प्रकाश, किशन सिंह, शुभम कांबोज आदि उपस्थित रहे।

## संजय श्रीवास्तव बने चौथी बार स्वजल कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

देहरादून। उत्तराखंड स्वजल कर्मचारी संघ के अधिवेशन में संजय श्रीवास्तव चौथी बार अध्यक्ष जबकि अरविंद पयाल दोबारा महामंत्री बनाए गए। कर्मचारियों ने नई कार्यकारिणी का फूल मालाओं से स्वागत करते हुए निदेशालय में कर्मचारियों का स्थायी ढांचा बनाने की मांग की। शनिवार को लोनिवि मिनिस्टीरियल एसोसिएशन के कचहरी परिसर स्थित प्रेरणा सदन में संघ के द्विवार्षिक अधिवेशन में वरिष्ठ कर्मचारी अजयकांत शर्मा की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए। प्रदेश कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों में महेंद्र कुमार संरक्षक, वीरेंद्र भट्ट कार्यकारी अध्यक्ष, सुरेश पांडे वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पूनम शर्मा उपाध्यक्ष, सारिका अग्रवाल कोषाध्यक्ष, प्रताप सिंह संगठन मंत्री, प्रताप सिंह मटूडा मटुडा, महेंद्र कुमार सचिव, डॉ रमेश बडोला लेखा परीक्षा, अनिल पुरोहित व अरविंद चंद संयुक्त मंत्री, भुवन ओझा, रवि पंत व आलोक सेमवाल संयोजक, डा. लोकेंद्र चौहान सूचना अधिकारी, बेल सिंह महर व भूपेंद्र मडवाल मीडिया प्रभारी बनाए गए।

# बदलता मौसम कर रहा बीमार, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

### सुबह-शाम ठंडी हवा व दोपहर के समय पड़ रही तेज धूप



कोटद्वार के राजकीय बेस चिकित्सालय में दवा लेने के लिए लगी मरीजों की लाइन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : सुबह-शाम ठंडी हवा व दोपहर के समय पड़ रही धूप की तेज तपन आमजन को बीमार कर रही है। नतीजा, घर-घर में वायरल फीवर के मरीज बढ़ने लगे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में हर रोज बड़ी तादाद में मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। बदलते मौसम में चिकित्सक मरीज व उनके तीमारदारों को अपनी सेहत के प्रति सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं।

कुछ दिन पूर्व हुई बारिश के बाद मौसम में लगातार परिवर्तन देखने को मिल रहा है। सुबह-शाम चल रही ठंडी हवा जहां आमजन को ठंड का एहसास करवा रही है। वहीं, दोपहर के समय पड़ रही तेज धूप शरीर को झुलसा रही है। मौसम में हो रहे परिवर्तन ने आमजन को बीमार करना शुरू कर दिया है। चिकित्सालय में आने वाला हर दूसरा व्यक्ति वायर फीवर से ग्रसित है। सुबह से ही अस्पताल में पर्ची बनवाने के लिए मरीजों की लंबी लाइनें लग रही हैं। साथ ही मरीजों को घंटों ओपीडी में बाहर खड़े रहकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। चिकित्सकों की मानें तो मौसम व तापमान में आ रहे बदलाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और बैक्टीरिया आसानी से शरीर में प्रवेश कर जाते हैं।

### वायरल बुखार के लक्षण

- तेज बुखार आना
- ठंड लगना
- पूरे शरीर में दर्द होना
- नाक से पानी आना
- गले में खरास
- हल्की खांसी आना

बॉक्स समाचार

### वायरल से बचाव के तरीके

- फ्रीज का ठंडा पानी न पिएं
- बासी भोजन न खाएं
- ठंडी चीजों को खाने से परहेज रखें
- अधिक से अधिक पानी पिएं
- बीमार होने पर चिकित्सकों की सलाह लें

# शराब की दुकान खुलवाने के लिए निगम जिम्मेदार

### वार्ड नंबर 29 घमंडपुर में खोली जा रही दुकान का क्षेत्रवासियों ने किया विरोध

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : दुर्गापुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 घमंडपुर में अंग्रेजी शराब की दुकान खुलवाने के विरोध में क्षेत्रवासियों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा। क्षेत्रवासियों ने समस्या के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी को ज्ञापन दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने नगर निगम पर शराब की दुकान खुलवाने के लिए एनओसी जारी करने का आरोप लगाया। कहा कि शराब की दुकान खुलवाने के लिए नगर निगम जिम्मेदार है।

आबकारी विभाग की ओर से दुर्गापुरी के घमंडपुर में अंग्रेजी शराब की दुकान आवंटित की गई। जैसे ही क्षेत्रवासियों को इसकी भनक लगी, वह चिन्हित दुकान के समीप पहुंच कर आबकारी विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करने लगे। शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष के भाबर क्षेत्र भ्रमण के दौरान पार्षद कुलदीप रावत के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों ने समस्या के संबंध में विधानसभा अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। क्षेत्रवासियों ने बताया कि दुकान को आबादी के बीच चिन्हित किया गया है। ऐसे में क्षेत्र के युवाओं पर इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। साथ ही दुकान से करीब सौ मीटर की दूरी पर मंदिर व सार्वजनिक पुस्तकालय भी है। ऐसे में आबकारी विभाग नियमों का उल्लंघन कर शराब की दुकान खोल रहा है। क्षेत्रीय जन की बात सुनने के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में शराब की दुकान खोलने के लिए नगर निगम ने आबकारी विभाग को अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया है। निगम प्रशासन की स्वीकृति के बाद ही क्षेत्र में शराब की दुकान खोली जा रही है। कहा कि इस संबंध में क्षेत्रवासियों को नगर आयुक्त व महापौर से वार्ता करती चाहिए। वह अपने स्तर से आबादी में शराब की दुकान न खुलवाने के लिए प्रयास करेंगी। विस अध्यक्ष के आश्वासन के बाद क्षेत्रवासियों ने अपना धरना-प्रदर्शन स्थगित कर दिया। इस मौके पर भारत भूषण सिंह रावत, जगत सिंह रावत, दिनेश रावत, सतेंद्र नेगी, प्रेम सिंह नेगी, देवेंद्र नेगी, रणजीत रावत, विक्रम सिंह, हरपाल सिंह, कल्याण सिंह, रूबी चौधरी आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार के घमंडपुर में विस अध्यक्ष को ज्ञापन देते पार्षद व अन्य

# आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल व शिक्षण सामग्री की वितरित

### विधानसभा अध्यक्ष की ओर से वितरित की गई सामाग्री

**कोटद्वार** : विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण की ओर से कोटद्वार क्षेत्र के 89 आंगनबाड़ी केंद्रों को खेल व शिक्षण सामग्री वितरित की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों को मजबूत बनाने का कार्य कर रही है। इसके लिए गंभीरता से कार्य किया जा रहा है।

शनिवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक ऋतु खंडूडी भूषण ने विधायक निधि से आंगनबाड़ी केंद्रों को बच्चों के लिए वेट मशीन, टिफिन बाक्स, पानी की बोतल, डार्ट बोर्ड (टारगेट), पजल गेम बॉक्स, किचन सेट (खेल किट) डाक्टर सेट (खेल किट), प्रेशर कुकर (8 ली.), चार्ट 3 डी, रोलर बोर्ड ब्लैक, क्रेजी बॉल, आयरन बॉक्स (ट्रक बॉक्स), दरी सहित विभिन्न सामग्री वितरित की। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पहली शिक्षा दी जाती है। ऐसे में उनके लिए किसी भी तरह की सामग्री की कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने केंद्रों में कार्यरत सेविकाओं की भी प्रशंसा की। कहा कि सेविकाओं के ही माध्यम से गर्भवती, धात्री महिलाओं को गृह भ्रमण कर पूरक पोषाहार लेने और खानपान के बारे में जानकारी मिलती है। इस मौके पर जिला कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार, रामेश्वरी देवी, हरि सिंह पुंडीर, अमित भारद्वाज, मीनू डोबरियाल, रजनी बिष्ट, लक्ष्मी भदोला, उषा थपलियाल, लक्ष्मी रावत, मनोज चौधरी, पंकज भाटिया, नैना बेंजवाल आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में आंगनबाड़ी सेविकाओं को सामग्री सौंपती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

# 10 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर किया गिरफ्तार

**कोटद्वार** : पौड़ी पुलिस लगातार नशे के तस्करों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है। लेकिन इसके बावजूद भी नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतवाली पुलिस ने 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी गढ़वाल श्वेता चौबे जनपद में नशा, मादक पदार्थों एवं ड्रग्स की बढ़ती प्रवृति पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने व अवैध तरीके से नशीले पदार्थों का क्रय-विक्रय करने वालों के विरूद्ध चैकिंग अभियान चलाकर वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक कोटद्वार शेखर सुयाल, पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन कोटद्वार विभव सैनी के पर्यवेक्षण, प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार मनीभूषण श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग के दौरान एक युवक को 10 ग्राम अवैध स्मैके के साथ गिरफ्तार किया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि मौहम्मद फारूख (उम्र 19 वर्ष) पुत्र शरीफ जमीन निवासी, लकड़ी पड़ाव, झूलाबस्ती, कोटद्वार को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया कि मैं मजदूरी का काम करता हूं कुछ समय पहले बरेली गया था जहां से मैंने स्मैक खरीदी। मैंने स्मैक को छुपाकर रखा था, जिसको बेचने जा रहा था तब तक कोटद्वार पुलिस ने मुझे पकड़ लिया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक दिनेश कुमार, कांस्टेबल हाकम सिंह, अमरजीत आदि शामिल थे।

# श्री श्याम मित्र मंडल समिति ने निकाली निशान पद यात्रा



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री श्याम मित्र मंडल समिति की ओर से शहर में निशान पद यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में मौजूद भक्त श्री खाटू श्याम बाबा के गुणगान गा रहे थे।

शनिवार को बुद्धापार्क से श्री खाटू श्याम बाबा की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक नजीबाबाद रोड होते हुए यात्रा कौड़िया स्थित एक बारातघर में पहुंची। यात्रा में खाटू श्याम जी की भी झांकी शामिल रही। समिति के संरक्षक रतन अग्रवाल ने बताया कि समिति की ओर से प्रत्येक वर्ष निशान पद यात्रा निकाली जाती है।

पद यात्रा में शहर के साथ ही अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्री खाटू श्याम बाबा के भक्त पहुंचे हुए थे। यात्रा में सबसे अधिक महिलाओं की संख्या थी। भक्त श्री खाटू श्याम बाबा के भजनों पर झूम रहे थे। बताया कि शनिवार देर शाम को भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि नगर आयुक्त वैभव गुप्ता होंगे। कार्यक्रम में श्याम मंदिर चुलकाना धाम पानीपत के मुख्य महाराज देवेंद्र पुजारी भी शामिल होंगे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सुनील कर्णवाल, सचिव मनोज कंसल, नीरज गुप्ता, राजीव अग्रवाल संजय मित्तल, महेंद्र कुमार, बीना देवी आदि मौजूद रहे।

# नहीं मिल रही किस्त, अधर में लटके पीएम आवास

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नगर निगम क्षेत्र में इन दिनों प्रधानमंत्री आवास बना रहे लाभार्थियों को परेशान होना पड़ रहा है। लंबे समय से लाभार्थी मकान बनाने के लिए किशत का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन उनको यह राशि नहीं मिल पा रही है, जिसके चलते कई लाभार्थियों के आवास अधूरे पड़े हुए हैं। ऐसे में लाभार्थियों के परिवार को परेशान होना पड़ रहा है।

नगर निगम कोटद्वार क्षेत्र के अन्तर्गत पश्चिमी झंडीचौड़ में प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी, चौथी, पांचवी किस्त न मिलने से लाभार्थी अपने मकान को पूरा नहीं बना पा रहे है। मकान पूरा न होने से लोगों को बहुत परेशानी हो रही है। लाभार्थियों का कहना है कि पीएम आवास की तीसरी, चौथी एवं पांचवी किस्त न मिलने की वजह से छत नहीं डाल पा रहे है।

वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड के पार्षद सुखपाल शाह ने कहा कि लाभार्थियों की पीएम आवास की दो किस्त आई थी। जिससे लाभार्थियों ने छत लेवल तक चार दीवार खड़ी तो कर दी मगर डेढ़ वर्ष यानि 18 माह बीत जाने के बाद भी लाभार्थियों को पीएम आवास की तीसरी, चौथी एवं पांचवी किस्त नहीं मिल पाई है।

हालत यह है कि दीवारों में दरारे पड़नी शुरू हो गई है, खड़ी चौखट, खिड़कियां खराब होने लगी है, क्योंकि बरसात से यह खराब हो गए है।

पार्षद ने कहा कि कई बार नगर आयुक्त नगर निगम कोटद्वार से पीएम आवास की तीसरी, चौथी एवं पांचवी किस्त जारी करने की मांग कर रहे है, लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही नहीं हो पाई है। पीएम आवास की धनराशि न मिलने के कारण लाभार्थी मकान की छत नहीं डाल पा रहे है। पार्षद ने कहा कि यदि शीघ्र इन लोगों का पीएम आवास योजना का पैसा नहीं मिलता है तो इसके लिए जनता के साथ आंदोलन करने के लिए बाध्य होगें।

उन्होंने कहा कि ऐसे ही स्थिति शौचालय हीन परिवारों की है इन्होंने भी सन 2020-21 में शौचालय के लिए आवेदन किया था, लेकिन अभी तक उनको शौचालय की किस्त नहीं मिला पाई है। जबकि बहुत से लोगों के पास अपना स्वयं का शौचालय नहीं है, जिस कारण लोग खुले में शौच करने को मजबूर है।

### लाभार्थियों ने राशि दिलवाने की मांग की

वर्ष 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महत्वाकांक्षी योजना को हरी झंडी दिखाकर निर्धन वर्ग को राहत दी थी और बड़े पैमाने पर इसका निर्माण भी शुरु हो चुका है। 2022 तक शत प्रतिशत गरीबों के मकान बनाने का लक्ष्य है, ताकि हर गरीब को छत मिल सके और उसका खुद का घर बन सके, लेकिन नगर में प्रधानमंत्री आवासों का निर्माण धीमी गति से चल रहा है। हालत यह है कि बारिश में निर्माणाधीन स्थल पर गंदगी और दलदल के कारण परेशान होना पड़ रहा है। वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड के पार्षद सुखपाल शाह ने नगर निगम के अधिकारियों से आवास निर्माण को लेकर जल्द से जल्द राशि दिलवाने की मांग की है।



पश्चिमी झण्डीचौड़ में अधर में लटका पीएम आवास।

### किस्त में देरी से अधूरा आशियाना

नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना का हाल बेहाल है। इसके तहत बनाए जा रहे मकान किश्त के अभाव में अधूरे पड़े हैं। किस्त नहीं मिलने पर निर्माण कार्य ठप हो गए हैं और खंडहर में तब्दील होने लगे है। कई ऐसे लाभार्थी हैं जिनका आशियाना अधूरा है। वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड के पार्षद सुखपाल शाह का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थियों को किस्त की राशि नहीं मिल पा रही है जिसके चलते वे अपने सपने के घरों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

# आप के जिलाध्यक्ष निराला का निधन

**पौड़ी** : आम आदमी पार्टी के पौड़ी जिलाध्यक्ष मनोरथ निराला का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों सहित विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठनों ने शोक जताया। आप के जिला मीडिया प्रभारी त्रिलोक सिंह रावत ने बताया कि निराला सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में बढ़चढ़ कर प्रतिभाग करते थे। निराला के निधन पर आप के प्रांतीय उपाध्यक्ष दिगमोहन नेगी, प्रांतीय महासचिव गजेंद्र चौहान, पौड़ी विधानसभा अध्यक्ष विनोद नौटियाल ने शोक जताया। वहीं पौड़ी बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक नमन चंदोला ने आप के जिलाध्यक्ष के निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।

# आर्य दोबारा बने गढ़वाल सर्वोदय मंडल के अध्यक्ष

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : गढ़वाल सर्वोदय मण्डल के सदस्यों की व्यापार मण्डल सभागार में आयोजित बैठक में मंडल के त्रैवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। इस दौरान सुरेंद्र लाल आर्य को लगातार बारहवीं बार मंडल का अध्यक्ष चुना गया।

अन्य पदों में शशिप्रभा रावत को मुख्य संरक्षक, गणेश सिंह 'गरीब', त्रिलोक सिंह, योगेश पांथरी, चक्रधर शर्मा, पूरण सिंह रावत, सूर्यनारायण पांडे, प्रकाश कोठारी व गिरिराज सिंह रावत को संरक्षक, कै. पीएल खंतवाल को महासचिव, नेत्र सिंह रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मयंक कोठारी और सुनीता बिष्ट को उपाध्यक्ष, शूरवीर खेतवाल को सचिव, दीपक कुकरेती, महफूज आलम और मीनू खान को प्रचार सचिव, महेंद्र अग्रवाल को लेखा निरीक्षक और गोविंद डंडरियाल को प्रांतीय प्रतिनिधि चुना गया। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में स्नेहदीप रावत, सीता गुप्ता, लक्ष्मी देवी, राकेश अग्रवाल, शकील अहमद सलमानी, गौरव रावत, विनय किशोर रावत, प्रवेश चंद्र नवानी, जनार्दन प्रसाद ध्यानी, रईस अहमद व अमेरिका सिंह को शामिल किया गया।



आयोजित बैठक में भाग लेते गढ़वाल सर्वोदय मंडल के सदस्य

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मोटे अनाज के फायदे बताएं

**कोटद्वार** : डॉ. पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल हिमालयन राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष के उपलक्ष में एनसीसी कैडेटों द्वारा बाजरे के महत्व को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। साथ ही मोटे अनाज के फायदों के बारे में लोगों को जागरूक किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रोफेसर और कैडेटों ने मोटे अनाज की फसल उगाने और मोटे अनाज खाने की शपथ ली।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनता के बीच मोटा अनाज का सेहत पर फायदे का संदेश दिया। साथ ही इसके उपयोग का सही तरीका बताया। इस दौरान कैडेटो ने एक-एक कर ज्वार, बाजरा आदि मिलेट्स से संबंधित अनेक जानकारियां लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया। बताया कि कैसे मिलेट्स खाना और लगाना अन्य अनाजों की तुलना में ज्यादा फायदेमंद साबित होता है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर जानकी पंवार ने मोटे अनाजों के फायदे पर प्रकाश डाला। एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. देवेन्द्र सिंह चौहान ने सभी को मोटे अनाज उगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर सीमा चौधरी सहित कैडेट सुमित सिंह, सिद्धार्थ, करन, योगेश, विशाल, अंजलि राणा, सिमरन आदि मौजूद थे।



महाविद्यालय में नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति देते हुए एनसीसी कैडेट्स।

# पांच घंटे बिजली कटौती से उपभोक्ता परेशान, कामकाज प्रभावित



हल्द्वानी : एक तरफ बढ़ती गर्मी और दूसरी तरफ मनमानी बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी को और बढ़ा दिया है। हल्द्वानी के कमलुवागांजा उपकेंद्र से जुड़े इलाकों में घोषित कटौती के नाम पर पांच-पांच घंटे लोग बिजली के लिए तरसते रहे। इससे घरेलू के साथ ही व्यावसायिक कार्य भी प्रभावित हुए। कमलुवागांजा उपकेंद्र में शनिवार को बिजली लाइन से संबंधित कुछ कार्य कराए गए। काम की वजह से सुबह 10 बजे बिजली सप्लाई रोक दी गई। इससे पीलीकोठी, गैस गोदाम, ब्लॉक, आरटीओ रोड, कुसुमखेड़ा, लालडांठ समेत भगवानपुर आदि क्षेत्र में पांच घंटे बत्ती गुल रही। लोग ऊर्जा निगम के अफसरों को फोन कर कटौती का कारण जानने की कोशिश करते रहे, लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। हालांकि, शाम करीब तीन बजे बिजली आपूर्ति शुरू होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बिजली कटौती से रोजमर्रा के साथ ही व्यावसायिक कार्य भी प्रभावित रहे। कालिका कॉलोनी निवासी मेघा चिलवाल ने बताया कि सुबह से बिजली न होने के कारण घर में पानी नहीं मिल पाया। ट्यूबवेल पर जाकर पानी लाना पड़ा। मुखानी स्थित प्रिंटिंग प्रेस के मालिक राजेंद्र कालाकोटी ने बताया कि बिजली के कारण उनका काम प्रभावित हुआ। उनके आर्डर समय पर पूरे नहीं हो पाए। अधिशासी अभियंता ऊर्जा निगम डीडी पांगती का कहना है कि लाइन में कुछ काम चलने के कारण बिजली कटौती की गई थी। कार्य पूरा होते ही आपूर्ति सुचारू कर दी गई थी। साथ ही विभाग की ओर से पूर्व में क्षेत्रवासियों को बिजली कटौती की सूचना दी गई थी। (एजेंसी)

## महिला मोर्चा पदाधिकारियों का सम्मान किया

पिथौरागढ़ : भाजपा महिला मोर्चा की नवनियुक्त पदाधिकारियों को कार्यालय में सम्मानित किया। शनिवार को भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी ने कहा नवनियुक्त महिला पदाधिकारी भाजपा सरकार की नीतियों को घर-घर पहुंचाने का काम करेंगी। भाजपा जिला महामंत्री राकेश देवलाल ने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए सभी को काम करना होगा। इस दौरान प्रदेश महिला मोर्चा की स्थाई आमंत्रित सदस्य दीपिका बोहरा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य माला सौन, जिला उपाध्यक्ष दीपिका चुफाल, सुशीला उपाध्याय, राधा बिष्ट, गीता पाण्डेय, अनीता सामंत, सुमन धामी, रेणू भट्ट मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पहले दिन 1473 छात्रों ने दी संस्कृत बोर्ड परीक्षा



हल्द्वानी : उत्तराखंड संस्कृत शिक्षा परिषद की पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल) और उत्तर मध्यमा (इंटर) की परीक्षाएं शुरू हो गई हैं। बोर्ड की ओर से राज्यभर में बनाए गए 25 परीक्षा केंद्रों में शनिवार को 1473 ने परीक्षा दी, जबकि 102 छात्र अनुपस्थित रहे। संस्कृत बोर्ड के सचिव डॉ. वाजश्रवा आर्य ने बताया कि पहले दिन शनिवार को पूर्व मध्यमा की अनिवार्य संस्कृतम व उत्तर मध्यमा की हिन्दी विषय की परीक्षा कराई गई।

सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक पूर्व मध्यमा की परीक्षा में पंजीकृत 633 में से 593 छात्र उपस्थित हुए, 40 अनुपस्थित थे। वहीं, उत्तर मध्यमा की परीक्षा में पंजीकृत 942 में से 880 ने परीक्षा दी, 62 अनुपस्थित रहे। सचिव ने बताया कि कुमाऊं में श्री मां कामाख्या नर्मदेश्वर संस्कृत विद्यालय कैलास आश्रम सुवाकोट, वड्डा (पिथौरागढ़), वाराही देवी संस्कृत विद्यालय देवीधुरा (चम्पावत), श्री शक्ति पीठाश्रम संस्कृत विद्यालय मल्ली मानिला (अल्मोड़ा), श्री कल्याणिका वेद वेदांग संस्कृत विद्यापीठम कनरा डोल (अल्मोड़ा), श्री महादेव गिरी संस्कृत महाविद्यालय हल्द्वानी (नैनीताल), पंडित देवी दत्त दुर्गादत्त पांडेय संस्कृत विद्यापीठ रामनगर (नैनीताल) को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। (एजेंसी)

# वन आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा आज, धारा 144 लागू



रुद्रपुर : वन आरक्षी की लिखित परीक्षा को शांतिपूर्वक कराने के लिए नगर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। शनिवार को उप जिलाधिकारी रविंद्र बिष्ट ने पत्र जारी कर बताया लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा रविवार को क्षेत्र स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नानकोत्तर महाविद्यालय, राणा प्रताप इंटर कॉलेज, हिंद पब्लिक स्कूल, अटल उत्कृष्ट थारू राइंका, शिक्षा भारती, राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अलक्ष्या पब्लिक स्कूल, सिटी कान्वेंट, राजकीय इंटर कॉलेज झनकट, नोजगे, राम कुमारी अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर, एसके पब्लिक स्कूल मझोला, हेल्पलाइन पब्लिक स्कूल, खीमा बिष्ट सरस्वती मंदिर इंटर कॉलेज गोझरिया में वन आरक्षी की लिखित परीक्षा कराई जाएगी। जिसको लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने कहा परीक्षा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनकी प्राथमिकता है। जिसके चलते इन विद्यालयों के आसपास धारा 144 लागू कर दी गई है। जो प्रातः 11 से एक बजे तक चलेगी। (एजेंसी)

## सोर क्लब की टीम ने जीता मैच

पिथौरागढ़ : पिथौरागढ़ क्रिकेट एसोसिएशन की तरफ से कराई जा रही जिला लीग में शिव शक्ति क्रिकेट क्लब बेरीनाग और सोर क्रिकेट क्लब के मध्य मैच खेला गया।

इसमें मुख्य अतिथि पूर्व क्रिकेटर संदीप पाण्डेय रहे। शनिवार को मैच में शिव शक्ति क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में 4 विकेट खोकर 187 रनों का लक्ष्य दिया। सौरभ मेहरा नावाद 80 रन व बसन्त मेहरा ने 73 रनों की पारी खेली। जवाव में उतरी सोर क्रिकेट क्लब की टीम ने 3 विकेट खोकर 188 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। वहीं प्रदीप देवली ने 75 रन, हिमालय धामी ने 39, जीवन मेहता ने 30 रन बनाये।

# चम्पावत व टनकपुर में मिले चार कोरोना संक्रमित, दहशत में लोग




चम्पावत : चम्पावत जिले में एक बार फिर कोरोना की दस्तक से लोगों को दहशत है। चम्पावत में कोरोना संक्रमित छात्रा की मौत के एक दिन बाद जिले में चार लोगों में कोरोना के लक्षण पाए गए हैं। जिन्हें होम आइसोलेशन के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएस डॉ. घनश्याम तिवारी ने बताया कि शनिवार से अस्पताल में कोरोना की एक बार फिर जांच शुरू कर दी गई है। इसी दौरान एंटीजन में तीन स्थानीय लोगों में कोरोना के लक्षण मिले हैं। जिन्हें स्वास्थ्य विभाग ने आइसोलेशन के निर्देश दिए हैं। साथ ही उनके आरटीपीसीआर सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा चम्पावत जिला अस्पताल में जांच के दौरान एक व्यक्ति में कोरोना के लक्षण मिले हैं। जिले भर में 30 लोगों की एंटीजन जांच हुई। लैब टेक्नीशियन अजय शुक्ला ने बताया कि अस्पताल में जांच जारी है। कहा कि अस्पताल आने वाले सभी लोगों से मास्क पहनने के लिए कहा गया है। बुखार, जुकाम की शिकायत होने पर मरीज को कोरोना जांच के लिए कहा जा रहा है। जिले में इस साल अब तक पांच लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है। इसमें से बीते दिन एक छात्रा की मौत हो गई। अब तक डेढ़ सौ से अधिक लोगों की जांच हो चुकी है। (एजेंसी)

# टैक्सी यूनियन ने जिपं अध्यक्ष का घेराव किया

पिथौरागढ़ : नगर के महात्मा गांधी मार्ग में स्थित टैक्सी स्टेंड को अन्यत्र शिफ्ट करने से गुस्साए टैक्सी संचालकों ने जिपं अध्यक्ष का घेराव किया। टैक्सी चालकों ने प्रशासन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कहा कि इस नियम से वे तो परेशान हैं ही साथ ही बुजुर्ग, बच्चे और गर्भवती यात्रियों को खासी दिक्कत हो रही है। शनिवार को चंडाक क्षेत्र में एक कार्यक्रम में शामिल होकर जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा वापस जिला मुख्यालय लौट रही थी।

खड़कोट के पास टैक्सी चालकों ने उन्हें रोक लिया और आवाजाही बंद कर दी। इस दौरान टैक्सी चालकों ने जिपं अध्यक्ष को बताया कि वे कई वर्षों से महात्मा गांधी मार्ग में स्थित टैक्सी स्टेंड से टैक्सियों का संचालन कर रहे हैं, लेकिन अब प्रशासन ने टैक्सियों को स्टेंड से हटाकर चंडाक मार्ग में शिफ्ट किया है। उन्होंने कहा कि तकरीबन 40 वर्षों से इस स्टेंड से ही चंडाक, मोस्टामानो, छेड़ा, दिग्तोली, नाकोट, बांस, जजराली के लिए वाहनों का संचालन होता आ रहा है, लेकिन अब प्रशासन ने उक्त स्थान पर वाहन खड़ा करने पर रोक लगा दी है। इससे उन्हें खासी दिक्कत उठानी पड़ रही है। साथ ही यात्री भी इस व्यवस्था से परेशान हैं। खरीदारी और अन्य कार्यों के लिए बाजार में आवाजाही करने वाले यात्रियों को वाहनों के लिए बाजार से पैदल सामान ढोना पड़ रहा है। मार्ग बंद करने से यहां वाहनों की कतार लग गई। सूचना मिलने के बाद तहसीलदार पंकज चंदोला मौके पर पहुंचे। उन्होंने आक्रोशित टैक्सी चालकों से वार्ता कर उन्हें समझाया। तब कहीं आधे घंटे बाद यातायात बहाल हुआ। बाद में टैक्सी चालकों ने प्रदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि अगर टैक्सी स्टेंड को पूर्व निर्धारित स्थान से ही संचालित नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। (एजेंसी)

## हवाई सेवा शुरू नहीं हुई तो होगा आंदोलन

पिथौरागढ़ : सीमांत से हवाई सेवा शुरू न होने को यूथ कांग्रेस ने भाजपा की डबल इंजन सरकार की विफलता बताया है। शनिवार को युकां राष्ट्रीय सचिव ऋषेंद्र महर ने बयान जारी कर कहा कि सरकार हवाई सेवा के नाम पर यहां के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। नैनीसैनी एयरपोर्ट से हवाई सेवा शुरू होने को लेकर सरकार समय–समय पर तिथि निर्धारित करती है, लेकिन लोगों को हवाई सेवा का लाभ नहीं मिलता। कहा सीमांत की भौगोलिक दृष्टि और पर्यटन के लिहाज से हवाई सेवा बेहद जरूरी है। लोग बीते तीन दशकों से हवाई सेवा की मांग उठा रहे हैं, लेकिन सरकार ने इसे महज राजनीतिक मुद्दा बनकर रख दिया है। महर ने कहा कि अगर सरकार ने हवाई सेवा संचालन को लेकर शीघ्र ही कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी। (एजेंसी)

## चंडीगढ़ ने महाराष्ट्र को हराया

हल्द्वानी : गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हीरो सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप जारी है। शनिवार को चंडीगढ़ और केरल ने जीत दर्ज की।

पहले मुकाबले में चंडीगढ़ ने दमदार खेल दिखाते हुए महाराष्ट्र के विजय रथ को रोक दिया। मुकाबले को चंडीगढ़ ने 1-0 के अंतर से जीता। इससे पहले महाराष्ट्र लगातार चार मुकाबले जीत चुका था। वहीं दूसरे मुकाबले में केरल ने मिजोरम को 1-0 से हराया।

यहां मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी इशरार, खेल विभाग के संयुक्त निदेशक सतीश सार्की, मुरली मनोहर, राकेश यादव, संतोष कुमार, चंदन सिंह, रमेश रावत, डॉ. नवशाद, डॉ. शैलेंद्र विश्वकर्मा, क्रांति देव यादव, रैसे अहमद जाफरी, शफिर अहमद, अभिषेक रावत, नितिन बिष्ट, रवींद्र कुमार यादव, विवेक प्रकाश गुप्ता, दीपेंद्र जोशी, संजय पांडे, शाकिर अहमद, विजय गुप्ता, आयोजक सचिव आरिफ अली आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग उठाई

अल्मोड़ा : सेवानिवृत्त केंद्रीय कल्याण समिति की शनिवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक में सेवानिवृत्त कर्मचारियों समेत नगर की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई।

जल्द समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। अल्मोड़ा नगर पालिका सभागार में आयोजित मासिक बैठक में वक्ताओं ने गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी करने, रैमजे स्कूल के समीप क्षतिग्रस्त पार्क को जल्द दुरुस्त करने, भैरव मंदिर के पास कलमठ का निर्माण कर ह्यूम पाइप बिछाने, प्रदेश में बिजली, पानी की बढ़ी दरों को वापस लेने, युवाओं में लगातार बढ़ रहे नशाखोरी की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिये नगर के विभिन्न मोहल्लों में रात्रि पुलिस गश्त बढ़ाने समेत क्षेत्रीय सांसद, विधायक और संबंधित अधिकारियों से समस्याओं का निराकरण करने की मांग उठाई। बैठक में समिति के अध्यक्ष डॉ. पीसी जोशी, सचिव आरपी जोशी, एएस कार्की, राजेंद्र जोशी, दीवान सिंह, शेष राम, एमडी कांडपाल, नवीन चंद्र जोशी, नारायण दत्त पांडे, गंगा सिंह फर्त्याल, मोहन चंद्र पांडे, हीरा सिंह, हरीश लाल, महेश चंद्र आर्या, एमबी साह, डॉ. पीएस नेगी, गणेश सिंह बिष्ट समेत कई सेवानिवृत्त कर्मचारी मौजूद रहे। (एजेंसी)

## युवक कांग्रेस ने चलाया पोस्टकार्ड अभियान

रुद्रपुर : भारतीय युवा कांग्रेस एवं उत्तराखंड युवा कांग्रेस के आह्वान पर शनिवार को युवा कांग्रेस ने पोस्टकार्ड कैंपेन लॉन्चिंग कार्यक्रम किया। खटीमा विधान सभा कैंप कार्यालय से शुरू कार्यक्रम में की शुरुआत युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नरेंद्र कुमार आर्या ने की। कहा भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अभियान के तहत पूरे प्रदेश से ब्लॉक विधानसभा एंव जिलावार युवा कांग्रेस के द्वारा प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 1000 पोस्ट कार्ड एवं मैदानी विधानसभा क्षेत्र से 2000 पोस्ट कार्ड पर अपना नाम मोबाइल नम्बर एवं हस्ताक्षर कर पोस्टकार्ड को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को प्रेषित करेंगे।

# टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पर जानलेवा हमला, पुलिस की जांच शुरू

चम्पावत : टनकपुर में एक युवक ने टैक्सी यूनियन अध्यक्ष पर डंडे से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में अध्यक्ष के सिर के पिछले हिस्से में हल्की चोट आई है। मामले में कार्रवाई के लिए टैक्सी यूनियन अध्यक्ष ने पुलिस को तहरीर दी है। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष मदन कुमार ने शनिवार को कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए कहा कि वह शाम करीब चार बजे यूनियन के अन्य पदाधिकारियों संग कार्यालय में बैठे हुए थे। इसी दौरान नशे की हालत में एक युवक उनके कार्यालय में घुसा और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोप लगाया कि वह अक्सर नशेड़ियों को नशे से दूर रहने के लिए कहते हैं। जिस पर नशा करने वाले कई बार निशाना बना चुके हैं। टैक्सी यूनियन अध्यक्ष का कहना है कि युवक ने बेवजह उन पर जानलेवा हमला किया है। कहा कि यूनियन के अन्य पदाधिकारियों ने युवक के चंगुल से उन्हें बचाया। जिसके बाद पुलिस युवक को लेकर कोतवाली पहुंची है। कोतवाल चंद्रमोहन सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर मिली है। जांच के बाद मुकदमे की कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

## मंडी परिसर के पीछे मिला शव

रुद्रपुर : मंडी परिसर के पीछे एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को ग्रामीणों ने मंडी परिसर के पीछे एक युवक का शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास किए। शव की शिनाख्त पीलीभीत के गोहनिया चौराहे निवासी राजू (40) पुत्र मंगली प्रसाद के रूप में उसकी मामी नत्थू देवी ने की। मृतक की बहन मीना ने बताया कि उसका भाई दस दिन पहले घर से निकला था। जिसकी खोजबीन की जा रही थी। बहन ने बताया कि ट्रेन से अक्सर खटीमा आया करता था। मजदूरी कर अपना भरण पोषण करता था।

## लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों पर कार्यवाही की जाए

चम्पावत। सिमल्टा ग्राम प्रधान गिरीश पालीवाल ने जिला अस्पताल में ड्यूटी में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों पर कार्यवाही की मांग की है। इस संबध में उन्होंने नोडल अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है।

बताया कि शनिवार को वह बुखार एवं खांसी से पीड़ित अपनी बच्ची कनिष्का को उपचार के लिए डीएच लेकर आए। लेकिन बाल रोग विशेषज्ञ वहां नहीं थे। इसके बाद उन्हें दूसरे कक्ष में जाने को कहा लेकिन वहां भी ताला लटका हुआ था। प्रधान ने कहा कि चिकित्सकों की लापरवाही से उन्हें बुखार से पीड़ित बच्ची को निजी अस्पताल में ले जाना पड़ा। जहां उसके उपचार में ढाई हजार का खर्चा आया।

# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया एसएसबी का स्थापना दिवस



पिथौरागढ़ : एसएसबी में 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम, बॉलीबाल व रस्सा-कस्सी खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। 55वीं वाहिनी एसएसबी पिथौरागढ़ में 13वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। शनिवार को मुख्य अतिथि उपमहानिरीक्षक डीएन भोम्बे ने जवानों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं।

कार्यवाहक कमांडेट अजय पाण्डेय ने कहा कि सशस्त्र सीमा बल अपने ध्येय वाक्य सेवा सुरक्षा और बंधुत्व के मुताबिक लोगों की सुरक्षा और सेवा कर रहा है। सशस्त्र सीमा बल मूल रूप से 1962 में भारत-चीन युद्ध के बाद 20 दिसंबर 1963 को स्पेशल सर्विस ब्यूरो के नाम से स्थापित किया गया था। कारगिल युद्ध के बाद एसएसबी के कार्य क्षेत्र एवं भूमिका में परिवर्तन कर इसे वर्ष 2001 में गृह मंत्रालय के अधीन किया गया। सीमा रक्षक बल बनाकर 1751 किलोमीटर लंबी भारत–नेपाल सीमा पर तथा सन 2004 में 699 किलोमीटर लंबी भारत भूटान सीमा पर देश की रक्षा का दायित्व सौंपा गया। भारत सरकार ने सन 2004 में बल का नाम बदलकर सशस्त्र सीमा बल कर दिया। इस दौरान नन्हें बच्चों ने कुमाऊंनी, देशभक्ति, हरियाणवी, बंगाली, कव्वाली, नेपाली, गढ़वाली शिव तांडव, मराठी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम पेश किए। कार्यक्रम के समापन पर प्रतियोगिताओं में अव्वल रहे छात्र–छात्राओं व जवानों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर द्वितीय कमान अधिकारी मनोज कुमार राम, उप कमांडेट बागेन्द्र कुमार यादव, प्रशांत कुमार मिश्रा, समीर राणा, निरीक्षक यशपाल शर्मा, राजेंद्र सिंह,सहायक उपनिरीक्षक महिपाल सिंह कंडारी, राजा राम, राजेश्वरी, महेंद्र सिंह बोरा, कमला आर्या, रेखा जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जग्गा एनकाउंटर के डर से दिल्ली आ गया था ,लंबी पूछताछ में यह राज खोला



रुद्रपुर : संदिग्ध आतंकी गतिविधियों के आरोपों में सलाखों के पीछे पहुंचा गूलरभोज निवासी जगजीत सिंह उर्फ जग्गा जरायम की दुनिया में अपना अलग रसूख कायम करना चाहता था। पंजाब में एक मामले में धमकी देने के आरोप के बाद वह पुलिस के रडार पर आया। इस दौरान एनकाउंटर के डर से उसने नौशाद से मदद मांगी और दिल्ली पहुंच गया। पंजाब पुलिस भी उसका पीछा कर रही थी लेकिन इससे पहले ही जग्गा और नौशाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के हत्थे चढ़ गए। सूत्रों के मुताबिक, तीन दिन की पुलिस कस्टडी रिमांड के दौरान जग्गा ने लंबी पूछताछ में यह राज खोला। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब में एक महिला को उसके सुसराली प्रताड़ित कर रहे थे। जग्गा से लोकल संपर्क के जरिए महिला के परिजनों ने मदद मांगी थी। इस पर जग्गा ने महिला के पति को फोन पर धमकाया था। इसके बाद से वह पंजाब में पुलिस के रडार पर आ गया। सूत्रों के मुताबिक, पंजाब पुलिस की जांच का दायरा बढ़ा तो जग्गा के प्रतिबंधित संगठन खालिस्तान टाइगर फोर्स के अर्शदीप ढल्ला से संपर्क की जानकारी पंजाब पुलिस को मिली थी। इसके बाद पंजाब पुलिस जग्गा की तलाश में थी। सूत्रों के मुताबिक, जग्गा ने पूछताछ में बताया कि उसे एनकाउंटर का डर था। तब वह नौशाद के संपर्क में आया और दिल्ली चला गया। हल्द्वानी जेल में रहने के दौरान नौशाद से उसकी अच्छी दोस्ती हो गई थी। नौशाद के बेटे को फोन कर उसने नौशाद से दिल्ली में संपर्क किया था।

पूछताछ के दौरान जग्गा ने पुलिस को अपनी फर्जी कहानी बनाकर खूब घुमाया। सूत्रों के अनुसार, उसने पैरोल से लौटकर आने के बाद पांच–छह हथियाबंद बदमाशों के उस पर फायरिंग की कहानी गढ़ दी। पुलिस टीमों ने जब उसके बताए घटनास्थल की तस्दीक की तो उसकी कहानी फर्जी निकली। वहीं उसने पंजाब से लेकर दिल्ली तक करीब 30 से अधिक सहयोगियों के नाम गिना दिए। पुलिस को पूछताछ में गुमराह करने के लिए जग्गा एक के बाद एक कहानी गढ़ता गया।

सूत्रों के मुताबिक, पीसीआर में जग्गा को हल्द्वानी की जगह सितारगंज सेंट्रल जेल में रखने का राज भी खुल गया। जग्गा ने पूछताछ में बताया कि वह हल्द्वानी जेल में अपनी धमक बनाना चाहता था। वहां रहते हुए उसकी एक बड़े अपराधी से लड़ाई हो गई थी। इसके बाद दोनों में ठन गई थी। सितारगंज सेंट्रल जेल में सिर्फ सजायाफ्ता कैदी रखे जाते हैं। स्थानीय पुलिस वारंट पर जग्गा को जब पंजाब से यहां लाई, तो उसे हल्द्वानी जेल की बजाय सितारगंज सेंट्रल जेल में रखा गया। पंजाब पुलिस की बढ़ती घेराबंदी के बीच जग्गा विदेश भागने की फिराक में भी था। सूत्रों के मुताबिक, पूछताछ में उसने बताया कि कथित सुहैल ने उसे हत्या कर सिर कलम करने के डेमोस्ट्रेशन के लिए 20 लाख रुपये का कांट्रेक्ट दिया था। उसका इरादा यह रकम आने के बाद किसी तरह पासपोर्ट बनाकर कनाडा भागने का था लेकिन इससे पहले ही वह दिल्ली पुलिस के हत्थे चढ़ गया। (एजेंसी)

## 14 अप्रैल को दिल्ली पुलिस पेशी को ले जाएगी

सितारगंज सेंट्रल जेल से मिली जानकारी के मुताबिक, जग्गा की 10 और 14 अप्रैल को रुद्रपुर में कोर्ट में पेशी होनी है। वहीं 15 अप्रैल को उसकी दिल्ली की कोर्ट में पेशी है। ऐसे में 14 अप्रैल को दिल्ली पुलिस उसे वारंट पर दिल्ली ले जा सकती है। जग्गा को सितारगंज सेंट्रल जेल में कड़ी सुरक्षा में अकेले रखा गया है। उससे किसी को मुलाकात करने की इजाजत नहीं है।

# पर्यटन के रूप में उभरेगा खिर्सू : रावत




**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : प्रदेश के उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत श्रीनगर विधानसभा के अन्तर्गत खिर्सू (माण्डाखाल) के प्रवेश द्वार, प्राथमिक विद्यालय चोपड़ा के भवन मरम्मत सौंदर्यकरण कार्य, प्राथमिक विद्यालय नौगांव के मरम्मत एवं सौंदर्यकरण कार्यों व प्राथमिक विद्यालय नौगांव में अतिरिक्त कक्ष-कक्षा का शिलान्यास किया। साथ ही रा-इका चोपड़ा के मरम्मत/सौंदर्यकरण कार्य का लोकार्पण किया। इसके अलावा प्राथमिक विद्यालय चोपड़ा में बाल वाटिका के बच्चों को सामग्री वितरित की। इस दौरान मंत्री ने चौबट्टा और चोरीखाल में प्रस्तावित पार्किंग का निरीक्षण किया।

प्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं श्रीनगर विधायक डॉ. धन सिंह रावत शनिवार से दो दिवसीय क्षेत्र भ्रमण पर है। भ्रमण के पहले दिन मंत्री ने स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। मंत्री ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार निरंतर रूप से जनता के हित में कार्य कर रही है। देवभूमि उत्तराखंड में पर्यटन व तीर्थाटन की अपार संभावनाओं को तलाशने और तराशने का काम राज्य की सरकार बखूबी से कर रही है। उन्होंने कहा कि खिर्सू ब्लॉक पर्यटन रूप में उभरेगा। कहा कि रोजगार की एक राह पर्यटन के क्षेत्र से भी होकर निकलती है। शिक्षा के स्तर को हर स्तर से सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभिन्न विद्यालयों का सौंदर्यकरण/मरमत कार्य तेजी से हो रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को समय पर सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि दूरस्थ से दूरस्थ क्षेत्र के बच्चों की अच्छी शिक्षा के लिए बेहतर परिवेश देना भी राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में से एक है। इस अवसर पर यूबीसी चेयरमैन मातवर सिंह रावत, उप जिलाधिकारी सदर आकाश जोशी, वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन नेगी, भाजपा जिला अध्यक्ष सुषमा रावत, भाजपा पौड़ी पूर्व जिला अध्यक्ष संपत सिंह रावत, पाबौ मंडल अध्यक्ष नरेंद्र भंडारी, खिर्सू मंडल अध्यक्ष रमेश मन्द्रवाल, नरेंद्र रावत, अनिल भंडारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम 10 को

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा देवप्रयाग जिले के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष उत्तम सिंह असवाल, सेवादल प्रदेश सचिव मंगतराम मटियाल, जिला अध्यक्ष सेवादल राजेंद्र सिंह चंद, सेवा दल जिला संयोजक विनोद रौथाण, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित सिंह एवं अन्य सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम 10 अप्रैल को किया जाएगा।

मीडिया प्रभारी लाल सिंह नेगी ने बताया कि ब्लॉक/नगर कांग्रेस कमेटी कीर्तिनगर व ब्लॉक/नगर कांग्रेस कमेटी हिंडोलाखाल/ देवप्रयाग द्वारा विकासखंड सामुदायिक भवन कीर्तिनगर में उक्त तिथि पर प्रातः 10 बजे से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत करने के लिए मौजूद रहने की अपील की। (एजेंसी)

## नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष के लिए आज होगा मतदान

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष के लिए रविवार को मतदान होगा। व्यापार मंडल चुनाव के लिए चुनाव संचालन समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वरिष्ठ व्यापारी राय सिंह बिष्ट और लक्ष्मण सिंह बिष्ट के बीच मुकाबला होगा। नगर में 899 व्यापारी अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नगर मंडल अध्यक्ष के लिए मुख्यालय में सुबह 9 बजे से मतदान की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

जबकि 2 बजे तक मतदान जारी रहेंगे। इसके बाद एक घंटे का विश्राम होगा जबकि 3 बजे से 5 बजे तक मतगणना की जाएगी। नगर व्यापार मंडल में मुख्य बाजार के साथ ही नए बस अड्डे से लेकर डांगसेरा डाट पुलिया, रैतोली, सुमेरपुर तक के व्यापारी शामिल हैं।

इनकी संख्या करीब 899 है। रुद्रप्रयाग नगर में व्यापार मंडल अध्यक्ष के लिए राय सिंह बिष्ट और लक्ष्मण सिंह बिष्ट के बीच मुकाबला है। दोनों प्रत्याशियों द्वारा नामांकन के बाद से ही जमकर चुनाव प्रचार किया गया। सभी व्यापारियों से सम्पर्क साधते हुए अपने पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया गया। दोनों प्रत्याशियों द्वारा व्यापार हित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर अपनी योजनाएं भी व्यापारियों के सम्मुख रखी गई।

हालांकि आज दोनों प्रत्याशियों को लेकर व्यापारियों द्वारा मतदान के माध्यम से फैसला दिया जाएगा। व्यापार मंडल में महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध चयन किया गया जिसकी विधिवत घोषणा भी चुनाव संचालन समिति द्वारा मतगणना के दौरान की जाएगी। इधर, चुनाव संचालन समिति के सदस्य घनश्याम कंडारी ने बताया कि चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। नए बस अड्डे स्थित मधुर मिलन वेडिंग प्वाइंट में सुबह 9 बजे से मतदान प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी। (एजेंसी)


## युवाओं का भविष्य संवार रहे पूर्व सैनिक

नई टिहरी : पूर्व सैनिक व वर्तमान में भिलंगना के कनिष्ठ उप प्रमुख चंद्रमोहन नौटियाल घनसाली में युवाओं का भविष्य संवारने में जुटे हैं। 22 वर्षों तक सेना में रहकर देश की सेवा कर चुके चंद्रमोहन साल 2013 से क्षेत्र के युवाओं को सेना व पुलिस की भर्ती के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण देकर देश सेवा के लिए तैयार कर रहे हैं। वह अभी तक करीब 5 सौ युवाओं को सेना भर्ती के लिए फिजिकल व लिखित परीक्षा की तैयारी करा चुके हैं। वर्ष 2013 में गढ़वाल राइफल से हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए चंद्रमोहन नौटियाल ने देहरादून या अन्य शहरों की ओर पलायन करने के बजाय अपनी जन्मभूमि में रहकर युवाओं को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया। जिसके लिए उन्होंने अपने गांव जखन्याली में क्षेत्र के भारतीय सेना में जाने के इच्छुक युवाओं को शारीरिक व लिखित परीक्षा की तैयारी कराने लगे। बाद में उन्होंने घनसाली बाजार में प्रशिक्षण शिविर लगाकर रोज सुबह 6 बजे युवाओं को सड़क पर शारीरिक मापदंड परीक्षा की तैयारी करवा रहे हैं। साथ ही शारीरिक परीक्षा में सफल होने वाले युवाओं को लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराते हैं। चंदमोहन नौटियाल का कहना है कि पहाड़ के युवाओं में काफी हौसला है, लेकिन उचित प्रशिक्षण व मार्गदर्शन के अभाव में उन्हें सफलता नहीं मिल पाती। जिसके लिए उनका छोटा सा प्रयास है, ताकि यहां के युवा रोजगार के साथ ही देश सेवा में अपना योगदान दे। उन्होंने बताया कि उनके शिविरि में प्रशिक्षण पाने वाले युवाओं मे से अभी तक 12 युवा गढ़वाल राइफल में भर्ती हो चुके हैं तथा कई पुलिस की शारीरिक परीक्षा भी पास कर चुके हैं, जिन्हें आजकल लिखित परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। जिसके लिए सैनिक विश्राम गृह घनसाली में प्रतिदिन क्लास लगाई जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी का उत्तरकाशी दौरा आज से

उत्तरकाशी : केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी 9 और 10 अप्रैल को दो दिवसीय दौरे पर उत्तरकाशी पहुंच रहे हैं। केंद्रीय मंत्री विकासखंड भटवाड़ी के अंतर्गत सीमांत गांव हर्षिल, मुखबा, झाला आदि का भ्रमण करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, केंद्रीय मंत्री रविवार को प्रातः 8 बजे जौलीग्रांट एयरपोर्ट देहरादून से प्रस्थान कर सुबह 8:45 बजे हर्षिल पहुंचेंगे। सुबह हर्षिल गेस्ट हाउस में सेना के अधिकारियों एवं जवानों के साथ बातचीत करेंगे। सुबह 10.30 बजे केंद्रीय मंत्री मुखबा गांव जाएंगे।

## पीएचडी प्रवेश परीक्षा 1480 अभ्यर्थियों ने दी



श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा चार शहरों में बनाए गए परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। परीक्षा के लिए पंजीकृत कुल 1893 अभ्यर्थियों में से 1480 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि 413 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

गढ़वाल केंद्रीय विवि के पीएचडी प्रवेश परीक्षा के समन्वयक प्रो. अनिल नौटियाल व सहायक कुलसचिव परीक्षा अरविंद कुमार ने बताया कि प्रवेश परीक्षा कुल 43 विषयों के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने बताया कि बिड़ला परिसर परीक्षा केंद्र पर पंजीकृत 542 अभ्यर्थियों में से 472, एसआरटी परिसर टिहरी में पंजीकृत 82 अभ्यर्थियों में से 67, डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून परीक्षा केंद्र में पंजीकृत 979 अभ्यर्थियों में से 739 तथा रामानुजन कॉलेज नई दिल्ली के लिए पंजीकृत 290 अभ्यर्थियों में से 202 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए। जबकि बिड़ला परिसर में 79, एसआरटी परिसर में 15, डीएवी में 240 व रामानुजन कॉलेज में 88 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। पीएचडी प्रवेश परीक्षा से मुक्त जेआरएफ अभ्यर्थियों की संख्या 627 है। इन अभ्यर्थियों को मिलाकर कुल 349 सीटों पर प्रवेश होने हैं। (एजेंसी)

## यमुनोत्री हाईवे से पांच दिन के भीतर हटाएं मलबा



उत्तरकाशी। चारधाम यात्रा व्यवस्था की तैयारियों के बीच डीएम अभिषेक रूहेला और एसपी अर्पण यदुवंशी ने संयुक्त रूप से यमुनोत्री धाम यात्रा इंतजामों को परखा। इस दौरान डीएम ने यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर बिखरे मलबा तथा नालियों में मिट्टी और पत्थर भरे होने पर गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को 15 अप्रैल तक हर हाल में व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। शनिवार को डीएम अभिषेक रूहेला के साथ ही एसपी अर्पण यदुवंशी और यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल यमुनोत्री धाम की यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लेने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान डीएम रूहेला ने एनएच के अधिकारियों को हाईवे से मलबा हटाकर सड़क को बेहतर बनाने को कहा। उन्होंने लोनिवि को राजमार्ग को पांच दिनों के भीतर दुरस्त कर गड्ढामुक्त बनाने के लिए किए जा रहे पैचवर्क के काम को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिए। डाबरकोट भूस्खलन जोन में मार्ग बंद होने पर दोनों किनारों पर जेसीबी मशीन और मजदूरों की तैनाती करने को कहा। यात्रियों की सुरक्षा के लिहाज से वहां पर पुलिसकर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। डीएम ने कहा कि पर्यटन पुलिस चैकियों, ड्यूटी प्वाइंट, यात्री पंजीकरण केन्द्र, स्वास्थ्य केन्द्रों आदि पर कर्मचारियों की रहने–खाने की उचित व्यवस्था करें। संवेदनशील स्थानों पर साइन बोर्ड लगाने तथा नशा कारोबार करने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लेने को पुलिस विभाग को विशेष टीम गठित करने के लिए कहा। फूलचट्टी घोड़ा–पड़ाव के पास जिला पंचायत द्वारा पॉलीथीन शीट से अस्थाई शौचालय निर्मित किए जाने पर डीएम नाराज हो गए। उन्होंने वहां पर सुलभ इंटरनेशनल को चार टिनशेड शौचालय बनाने को कहा। जानकी चट्टी घोड़ा–पड़ाव प्रीपेड सेंटर के पास शौचालय बनाने के निर्देश भी दिए।

## गबन के आरोपियों के वाहन सीज किए

चमोली : जनपद चमोली में अलग-अलग एटीएम से 1 करोड़ 77 लाख 62 हजार रुपये के गबन के मामले में आरोपी आशीष सिंह बिष्ट द्वारा गबन की गई धनराशि से खरीदी गई कार और देवराज सिंह द्वारा प्रयोग किये जा रहे वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस ने गबन से सम्बन्धित मुकदमे में सम्मिलित करते हुए थाना गोपेश्वर में दाखिल किया है। दोनों वाहनों को सीज कर दिया है।

## केदारनाथ में क्लॉक रूप स्थापित करने की तैयारी

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में तीर्थयात्रियों के जरूरी सामान के साथ ही मोबाइल आदि को सुरक्षित रखने के लिए क्लॉक रूम स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। बीकेटीसी इस बार मंदिर परिसर में यात्रियों के प्रवेश मार्ग को निर्धारित होने के बाद इस दिशा में कार्रवाई शुरू करेगी।

केदारनाथ में हर साल लाखों की संख्या में तीर्थयात्री दर्शनों के लिए आते हैं किंतु उन्हें न तो जूता चप्पल रखने की सुविधा मिलती है और न ही जरूरी सामान और मोबाइल आदि को रखने की व्यवस्था मुहैया होती है। ऐसे में तीर्थयात्रियों की दिक्कत को देखते हुए बदरी–केदार मंदिर समिति केदारनाथ धाम में क्लॉक रूम स्थापित करने की योजना बना रही है। इस बार बीकेटीसी ट्रायल के साथ ही मंदिर परिसर में यात्रियों के प्रमुख मार्ग को निर्धारित होते ही इस योजना पर काम करेगी। ताकि आने वाले दिनों में यात्रियों को क्लॉक रूम की सुविधा मिल सके। बीकेटीसी के सीईओ योगेंद्र सिंह ने बताया केदारनाथ में क्लॉक रूम को स्थापित किया जाएगा। यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बीकेटीसी इस योजना पर काम कर रही है। जैसे ही केदारनाथ मंदिर परिसर में यात्रियों के मंदिर प्रवेश को निर्धारित मार्ग तय कर लिया जाएगा उसी के बाद एक निर्धारित स्थान पर क्लॉक रूम बनाया जाएगा। ताकि यात्री यहां अपना सामान सुरक्षित रख सके। (एजेंसी)

## सहायक निदेश ने किया परिषदीय परीक्षाओं का निरीक्षण

रुद्रप्रयाग : सहायक निदेशक शिक्षा एवं संस्कृत शिक्षा डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग में चल रही परिषदीय परीक्षाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्वयं परीक्षार्थियों की तलाशी कर कक्ष निरीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए।सहायक निदेशक डॉ. चंडी प्रसाद घिल्डियाल ने संस्कृत महाविद्यालय रुद्रप्रयाग का औचक निरीक्षण किया। सहायक निदेशक ने बताया कि महाविद्यालय में परीक्षा व्यवस्थाएं दुरुस्त पाई गई। ठीक समय पर कस्टोडियन एवं गवाह शिक्षकों के सामने डबल लॉकर से निकालकर हिंदी के पेपर का लिफाफा खोला गया। बताया कि परीक्षा केंद्र पर कुल 46 परीक्षार्थी उपस्थित थे। केंद्र व्यवस्थापक प्राचार्य शशिभूषण बमोला एवं कस्टोडियन अधिकारी राइका दशजूला कांडई के भौतिक विज्ञान के प्रवक्ता प्रदीप शर्मा को बनाया गया है। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापक एवं कस्टोडियन सहित सभी कक्ष निरीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की लापरवाही सामने आने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या<br>दिनांक | 05-DRM-MB-23-24<br>Date :- 05.04.2023 |
| कार्य का नाम | Provision of foot over bridge, high level platform & upgradation of Chandausi station of Moradabad Division under Amrit Bharat Scheme. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 01.05.2023 16:00 |
| अनुमानित लागत | 12,68,27,369.65 |
| धरोहर राशि | 207700.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | 0.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 17.04.2023 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months |

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 05.04.2023 1039A/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## यात्रा के सफल संचालन के लिए सुझाव दिए

रुद्रप्रयाग : यात्रा व्यवस्थाओं के सफल संचालन के लिए पुलिस ने जखोली मयाली के जनप्रतिनिधि, व्यापारी एवं स्थानीय लोगों के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें यात्रा के दौरान व्यापारी एवं स्थानीय लोगों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

## मेडिकल कॉलेज के लिए मिले चार प्रस्ताव

नई टिहरी : टिहरी विधायक ने जिला मुख्यालय नई टिहरी से करीब 10 किमी. की दूरी पर मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिये भूमि उपलब्ध होने की पत्रवाली से संबधिंत पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है। विधायक ने बताया कि उन्हें मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु चार जगहों से भूमि के प्रस्ताव मिला हैं। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय ने सीएम को भेज पत्र में बताया कि टिहरी जिले में मेडिकल कॉलेज निर्माण हेतु पाटा गांव में 577 नाली, कोलधार में एक हजार नाली, पांगरखाल और भागीरथी पुरम के समीप ग्राम इडियाना में दो–दो हजार नाली भूमि का प्रस्ताव ग्रामीणों की ओर से उन्हें दिया गया है। उन्होंने बताया कि उन्होंने उक्त संबंध के प्रस्ताव का पत्र मुख्यमंत्री को भेजा है, ताकि सीएम मेडिकल कॉलेज निर्माण से संबधिंत प्रस्ताव केंद्र सरकार को अग्रसित कर सके।

## स्थानीय लोगों ने किया कैंट सीईओ का घेराव

विकासनगर। छावनी बाजार में चल रहे नालियों के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे कैंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी को लोगों कोप का भाजन बनना पड़ा। स्थानीय बाशिंदों ने निर्माण कार्यों में घटिया गुणवत्ता को लेकर सीईओ का घेराव किया। छावनी बाजार में पिछले एक माह से पुरानी नालियों को तोड़कर उनका पुनर्निर्माण कार्य कराया जा रहा है। स्थानीय बाशिंदे नाली निर्माण मानक के अनुसार नहीं किए जाने की शिकायत भी लगातार कर रहे हैं। इसी बात को लेकर शुक्रवार को लोगों ने कैंट बोर्ड के मनोनीत सदस्य अनिल चांदना का भी घेराव किया था। जिसके बाद शनिवार को सीईओ आरएन मंडल दलबल के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे। कैंट बोर्ड अधिकारी के बाजार पहुंचने की सूचना पर सभी व्यापारी और स्थानीय बाशिंदे शहीद चौक पर एकत्र हो गए, जहां उन्होंने सीईओ का घेराव किया। कहा कि शुरुआत से ही निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी की जा रही है। घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किए जाने से बरसात के दौरान नालियों के क्षतिग्रस्त होने का खतरा बना हुआ है। आरोप लगाया कि सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है, जिसका खामियाजा भी जनता को भुगतना पड़ेगा। इसके साथ ही बताया कि पेयजल लाइन पर कई लोग टुल्लू पंप लगा देते हैं, जिससे अन्य घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचता है। सीईओ द्वारा समस्याओं का निस्तारण करने संबधित लिखित आश्वासन मिलने पर ही स्थानीय बाशिंदे शांत हुए और कैंट अधिकारियों को जाने दिया। घेराव करने वालों में पूर्व सभासद राजेश तोमर,देवेंद्र आदि शामिल रहे।

## कार्यकर्ता पार्टी की मजबूती के लिए कार्य करें

श्रीनगर गढ़वाल : भाजपा श्रीनगर मंडल ओबीसी मोर्चा की संगठनात्मक बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गई। इस मौके पर मोर्चा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को पार्टी को मजबूती देने व सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर लोगों को लाभ दिलाने में अपनी भूमिका निभाने की अपील की। बैठक में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा हरीश पंवार, घर-घर चलो, गांव–गांव चलो अभियान के जिला संयोजक दिनेश बिष्ट, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा जगमोहन सिंह नेगी, जिला महामंत्री संजय पुंडीर, जिला उपाध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राजेश्वरी देवी, जिला मंत्री उमा गुनसोला, नगर मंत्री साहिल गोस्वामी, हंसा पंवार, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पटवाल, मंडल महामंत्री संजय गुप्ता और मंडल अध्यक्ष जितेंद्र धिरवाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## गुरु के बिना शिष्य का जीवन सुखमय नहीं हो सकता: भूपेंद्र गिरी

ऋषिकेश। भगषड्दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा भूपेंद्र गिरी ने कहा कि गुरु द्वारा दिए गए ज्ञान के प्रकाश के बिना शिष्य का जीवन कभी सुखमय नहीं हो सकता, क्योंकि गुरु ही अपने शिष्यों को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। मायाकुंड स्थित भगवान गिरी आश्रम में ब्रह्मलीन भगवान गिरी महाराज के 37 वें निर्वाण उत्सव का आयोजन किया गया। आश्रम के पीठाधीश्वर बाबा भूपेंद्र गिरी ने कहा कि सनातन संस्कृति में गुरु का सबसे ऊंचा स्थान है जो अपने शिष्य को उनके कल्याण मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि गुरु अपने शिष्य के प्रति समर्पित रहता है, वैसे ही शिष्य को भी अपने गुरु के प्रति समर्पित रहना चाहिए। षड्दर्शन साधु समाज अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत गोपाल गिरी ने कहा कि ब्रह्मलीन भगवान गिरी महाराज ने जहां समाज सेवा को अपना मिशन बनाया, वहीं उन्हें सिद्ध संत के रूप में भी जाना जाता था।

उन्होंने पांडव गुफा में वर्षो से ध्यान लगाकर कई प्रकार की सिद्धियां भी प्राप्त की थी। इस दौरान आश्रम में सुंदरकांड, रामायण का पाठ हुआ और भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर कबीर चौरा आश्रम के महंत कपिल मुनि, निरंजनी अखाड़े के स्वामी अमर गिरी, स्वामी मधुर बन, आह्वान अखाड़े के मंहत थानापति रवि गिरी, मंहत प्रयाग गिरी, निर्वाणी अखाड़े के मैच राधेपुरी, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल, मेयर अनीता ममगांई, हेमकुंड गुरुद्वारे के प्रबंधक सरदार दर्शन सिंह, गुरुद्वारा डेरा ठाकरा के महंत बलवीर सिंह, मनोहर लाल, जतिन विरमानी, सोनू, कसमीर सिंह, देव सिंह आदि उपस्थित रहे।


**ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था कुम्भीचौड़ कोटद्वार**

पत्रांक Gass/444/2023 दिनांक 08/04/2023

**Walk in Interview**

**लक्ष्यगत हस्तक्षेप परियोजना (टी0आई0) घास**

Supported by- Uttarakhand State AIDS Control Society Dehradun, Uttarakhand

राष्ट्रीय एड्स नियन्त्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत (ग्रामीण हिमालय अध्ययन एवं संरक्षण संस्था 'घास' से संचालित) द्वारा उत्तराखण्ड एड्स नियन्त्रण समिति देहरादून के सहयोग से लक्ष्यगत हस्तक्षेप (टी0आई0 माइग्रेन्ट) परियोजना में निम्नलिखित पद पर कार्य करने हेतु अभ्यर्थी की आवश्यकता है।

| क्र. सं. | पद | संख्या | वेतन + यात्रा भत्ता | शैक्षिक योग्यता/अनुभव |
|---|---|---|---|---|
| 1 | काउन्सलर (Counselor) | 1 | 16000+ यात्रा भत्ता | स्नातकोत्तर समाजशास्त्र/मनोविज्ञान व 1 वर्ष का अनुभव<br>स्नातक समाजशास्त्र/एम0एस0डब्लू0/ मनोविज्ञान व 3 वर्ष का अनुभव<br>(राष्ट्रीय स्वास्थ्य के तहत परामर्श/शिक्षा में अनुभवी अभ्यर्थी को वरीयता व कम्प्यूटर ज्ञान) |

इच्छुक अभ्यर्थी अपना बायोडाटा तथा अपने समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रति एवं छाया प्रति लेकर दिनांक 14/04/2023 को प्रातः 11.00 बजे संस्था प्रशासनिक कार्यालय ग्रामीण हिमालयन अध्ययन एवं संरक्षण संस्था, रतनपुर, एस0बी0आई0 प्रथम तल कुम्भीचौड़ कोटद्वार में साक्षात्कार के लिए उपस्थित हों। अधिक जानकारी के लिए - मो0 9675287507, 7302016935 पर संपर्क कर सकते हैं।

सचिव
ग्रामीण हिमालय अध्ययन
एवं संरक्षण संस्था, कोटद्वार

# यह सरकारी नीति है?

हाल के वर्षों में सरकारी एजेंसियां सिर्फ विपक्ष पर कार्रवाई करती नजर आई हैं। इस धारणा में भी दम है कि जैसे ही कोई कथित भ्रष्ट छवि का नेता सत्ताधारी दल से जुड़ता है, उसके खिलाफ पहले चल रही कार्रवाई पर विराम लग जाता है।

अगर देश में भ्रष्टाचार की समझ पर सहमति होती और उसके खिलाफ सरकार की लड़ाई पर सबको भरोसा होता, तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सीबीआई के समारोह में दिए गए भाषण से देश में आश्वासन का बोध जगता। लेकिन मौजूदा माहौल में इससे विपक्षी खेमों में आशंका बढ़ेगी। इसे इस बात का संकेत माना जाएगा कि केंद्रीय एजेंसियों को विपक्ष के खिलाफ कार्रवाई को एक सरकारी नीति का रूप दे दिया गया है। ऐसी धारणा इसलिए है, क्योंकि हाल के वर्षों में ये एजेंसियां सिर्फ विपक्षी नेताओं पर ही कार्रवाई करती नजर आई हैं। इस धारणा में भी दम है कि जैसे ही कोई कथित भ्रष्ट छवि का नेता सत्ताधारी दल से जुड़ता है, उसके खिलाफ पहले चल रही कार्रवाई पर विराम लग जाता है। भ्रष्टाचार उन आरोपों का कुछ अता–पता नहीं चलता, जो भारतीय जनता पार्टी के शासन में लगे हैं। मसलन, इस मामले पर गौर कीजिए। हाल में आई एक खबर के मुताबिक दो साल पहले तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के काजीरंगा दौरे के लिए बाघ संरक्षण कोष और एक अन्य वन्यजीव कोष से 1.64 करोड़ की रकम खर्च की गई। इसमें से एक दिन में करीब 50 हजार रुपए तो महज चाय पर ही खर्च हुए। बीते नवंबर में पशु अधिकार कार्यकर्ता रोहित चौधरी की ओर से आरटीआई के तहत दायर एक याचिका के जवाब में पार्क के निदेशक ने बताया था कि राष्ट्रपति और उनकी टीम के दो–दिवसीय काजीरंगा दौरे पर डेढ़ करोड़ से ज्यादा की रकम खर्च हुई थी। असम सरकार ने बीते रविवार को बाघ संरक्षण और दूसरे मद के पैसों को राष्ट्रपति के दौरे पर खर्च करने के आरोपों की जांच के आदेश दे दिए हैं। क्या बेहतर नहीं होगा कि यह जांच सीबीआई को सौंप दी जाए और सीबीआई उसी उत्साह से इस खर्च की जवाबदेही तय करने की दिशा में कदम उठाए, जैसा वह गैर–भाजपा शासित राज्यों में करती है? दरअसल, यह तो सिर्फ ताजा मामला है। ऐसी खबरें अक्सर आती हैं, लेकिन केंद्रीय एजेंसियों की नजर उन पर नहीं जाती। इसीलिए प्रधानमंत्री का बयान समस्याग्रस्त है। इससे केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका और उनकी कार्रवाई पर संदेह और बढ़ेगा।

# मानविकी को जंग लगने के खतरे!

**श्रुति व्यास**

सन 2002 में हॉलीवुड की एक फिल्म थी–सिमोन। इसमें ?ल पचिनो एक ऐसे फिल्म निर्देशक की भूमिका में थे जो एक अदाकारा का वर्चुअल संस्करण बनाता है। फिल्म में पचिनो का एक डॉयलॉग था– "यह एक सितारे का डिजिटाइजेशन" है। फिल्म फ्लॉप थी पर मुझे बेहद पसंद आयी।वह फिल्म आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस से लैस भविष्य की दुनिया की झलक दिखलाने वाली शायद पहली फिल्म थी।

इक्कीस साल बाद, सना नाम की देसी सिमोन, भारत में इंडिया टुडे के मंच पर नमूदार हुई। और जिस दिन बलिंसेग्या के स्टाइलिश जैकेट में पोप ट्रेंड कर रहे थे, उसी दिन सना भी ट्रेंड कर रही थी झ्र एक प्यारी सी, नाजुक सी, सबको पसंद आने वाली न्यूज़ एंकर (कृत्रिम बुद्धी जनित)।

यदि आपको पता ही नहीं है कि दुनिया में क्या कुछ हो रहा है (कभी–कभी वीकेंड पर मैं भी इसी स्थिति को पसंद करती हूँ) तो आपकी जानकारी के लिए बता दूं कि पिछले सप्ताहांत पोप फ्रांसिस की एक फोटो इन्स्टाग्राम और ट्विटर पर छाई हुई थी। इसमें वे सफ़ेद रंग की एक बहुत ही स्टाइलिश जैकेट पहने हुए थे। बलिंसेग्या (फ्रांस का एक मशहूर लक्जरी ब्रांड जिसके उत्पाद काफी महंगे होते हैं) के उस पफर (फूले हुए) जैकेट में पोप जंच रहे थे। उसके बाद आया "हैरी पॉटर बाय बलिंसेग्या"। और उसके पहले आया था डोनाल्ड ट्रम्प की गिरफ़्तारी और फिर जेल से फरार होने के वीडियो। ट्रम्प का वीडियो तो पहली नज़र में नकली लगा था। परन्तु पोप के पफर जैकेट ने इन्टरनेट के परमज्ञानियों को भी चक्कर में डाल दिया। जहाँ तक हैरी पॉटर का सवाल है, वह तो विशुद्ध मनोरंजन था।

पोप की फोटो देखकर तो मैं भी अपने आप को विश्वास करने से रोक नहीं सकी थी। हालाँकि कहीं न कहीं मुझे लग रहा था कि फोटो असली नहीं हो सकता। जब मैंने टाइम मैगज़ीन में पढ़ा कि यह फोटो दरअसल एआई (कृत्रिम बुद्धी) की कृति है तब मैंने एक बार फिर उसे देखा। हाँ, फोटो नकली तो लग रही थी! पोप के हाथ कुछ अजीब से थे।

सन 2021 की जनवरी में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस की शोध प्रयोगशाला ओपनएआई ने डाल–ई नाम के एक सॉफ्टवेयर का सीमित संस्करण जारी किया था। आप अपने मन में किसी भी दृश्य की कल्पना कर उसका विवरण इस सॉफ्टवेयर को बता दे तो वह मिनटों में आपके दिमाग के उस चित्र को स्क्रीन पर उतार देगा। ऐसे ही यदि आप चैटजीपीटी को हैरी पॉटर की कहानी को संक्षेप में शेक्सपियर की स्टाइल में लिखने को कहेंगे तो यकीन मानिये वह मिनटों में काफी कुछ ठीक–ठाक सी चीज़ आपके सामने परोस देगा। चैटजीपीटी कंप्यूटर कोडिंग कर सकता है, गणित के सवाल हल कर सकता है, प्रसिद्ध रचनाकारों की शैली में कहानी और कविता लिख सकता है और पुस्तकों की समीक्षा कर सकता है। वह अकादमिक शोधप्रबंध, राजनैतिक भाषण और क़ानूनी भाषा में कॉन्ट्रैक्ट भी तैयार कर सकता है।

सो एआई और चैटजीपीटी मनुष्य भविष्य के निर्धारक बनते दिख रहे हैं। लोग एआई सॉफ्टवेयर की क्षमताओं पर फ़िदा हैं और उनका इस्तेमाल शब्दों और चित्रों की अनदेखी, अनजानी और अजीब दुनिया सृजित करने में कर रहे हैं।तभी सोशल मीडिया में विचित्र और बेतुकी से लेकर चमत्कारिक और उत्कृष्ट रचनाओं की बाढ़ है। फंतासी, रचनात्मकता और कला के घोल से एक कृत्रिम यथार्थ का सृजन किया जा रहा है।

क्या यह सब अच्छा है या बुरा? यह नई तकनीक हमारे जीवन में बेहतरी लाएगी या बर्बादी? यह कृत्रिम मीडिया, जिसे पहले ही फेक न्यूज़ की फैक्ट्री करार दे दिया गया है, यथार्थ की हमारी अनुभूति को पैना करेगा या भोंथरा? या फिर यथार्थ और फंतासी की विभाजक रेखा को इतनी धुंधली कर देगा कि हम दोनों में अंतर ही नहीं कर पाएंगे?

एआई के 1,000 से ज्यादा जानेमाने विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और प्रेमियों ने एक संयुक्त बयान जारी करके भीमकाय एआई प्रणालियों के विकास पर कम से कम छह महीने तक रोक लगाने की अपील की है ताकि जीपीटी–4 जैसी शक्तिशाली प्रणालियों की क्षमताओं और खतरों का आंकलन किया जा सके और मानवता को इसके खतरों से बचाने के उपाय किये जा सकें। इस बयान पर हस्ताक्षर करने वालों में चैटजीपीटी और जीपीटी–4 की निर्माता ओपनएआई के सहसंस्थापक एलन मस्क, लन्दन स्थित स्टेबिलिटी एआई के संस्थापक इमाद मोस्ताक और एप्पल के सहसंस्थापक स्टीव वोज़नियाक, शामिल हैं। इन सब की चिंता है कि, "शक्तिशाली एआई प्रणालियों का विकास तभी किया जाना चाहिए जब हम विश्वासपूर्वक यह कह सकें कि उनके प्रभाव सकारात्मक होंगे और उनसे उत्पन्न जोखिमों से निपटने में हम सक्षम हैं।"

उनके सरोकार जायज़ हो सकते हैं परन्तु यह भी सही है कि एआई सचमुच कृत्रिम है, जिसका आधार है डाटा और उसे प्रोसेस करने की क्षमता। बिग टेक कंपनियों ने सालों–साल विभिन्न तरीकों और स्त्रोतों से दुनिया के हर क्षेत्र से सम्बंधित जानकारियां इकठ्ठा कीं, उन्हें अपने विशाल डाटा सेंटरों में जमा किया और फिर उसे बिजली से गति से पढने और विश्लेषण करने की क्षमता रखने वाले कंप्यूटर बनाए। ये कछुए की चाल से चलने वाले पुराने नेटवर्कों के सुपरफ़ास्ट संस्करण भर हैं। एआई और चैटजीपीटी जैसी मशीनी बुद्धि की बाढ़, दरअसल, उस पोस्ट–ट्रुथ (वह स्थिति जिसमें तथ्यों की जगह भावनाएं और व्यक्तिगत विश्वास, जनमत को गढ़ते हैं) दुनिया का नतीजा है जिसमें हम आज रह रहे हैं। अगर इनका उपयोग कुबेरपति कारपोरेशनों द्वारा अपना मुनाफा और बढ़ाने के लिए किया जाता है तो यह ठीक नहीं होगा। इस तरह की चीज़ें तभी तक अच्छी हैं जब तक कि उनका इस्तेमाल केवल मनोरंजन के लिए किया जाए। परन्तु अगर वे दुनिया को देखने–समझने का हमारा उपकरण बन जाती हैं तो यह बहुत डरावना होगा। इससे कला, कल्पना, सौन्दर्य और भावनाओं को अभिव्यक्त करने की हमारी क्षमता झ्र जो हमें मनुष्य बनाती है झ्र को जंग लग जाएगी। और तब मानवता उतनी कंगाल होगी जितनी वह कभी नहीं थी।

**पोप की फोटो देखकर तो मैं भी अपने आप को विश्वास करने से रोक नहीं सकी थी। हालाँकि कहीं न कहीं मुझे लग रहा था कि फोटो असली नहीं हो सकता। जब मैंने टाइम मैगज़ीन में पढ़ा कि यह फोटो दरअसल एआई (कृत्रिम बुद्धी) की कृति है तब मैंने एक बार फिर उसे देखा। हाँ, फोटो नकली तो लग रही थी! पोप के हाथ कुछ अजीब से थे। सन 2021 की जनवरी में आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस की शोध प्रयोगशाला ओपनएआई ने डाल–ई नाम के एक सॉफ्टवेयर का सीमित संस्करण जारी किया था। आप अपने मन में किसी भी दृश्य की कल्पना कर उसका विवरण इस सॉफ्टवेयर को बता दे तो वह मिनटों में आपके दिमाग के उस चित्र को स्क्रीन पर उतार देगा। ऐसे ही यदि आप चैटजीपीटी को हैरी पॉटर की कहानी को संक्षेप में शेक्सपियर की स्टाइल में लिखने को कहेंगे तो यकीन मानिये वह मिनटों में काफी कुछ ठीक–ठाक सी चीज़ आपके सामने परोस देगा। चैटजीपीटी कंप्यूटर कोडिंग कर सकता है, गणित के सवाल हल कर सकता है।**

# रिकॉर्ड बनाने वाला संसद सत्र



संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया। गुरुवार को आखिरी दिन भी संसद के दोनों सदनों में हंगामा हुआ और कामकाज बाधित हुआ। उसके बाद संसद को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इस सत्र में कुछ बहुत दिलचस्प बातें हुई हैं, जिनमें से एक यह है कि पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्तापक्ष ने संसद नहीं चलने दी। पूरे दो हफ्ते तक संसद में विपक्ष के साथ साथ सत्तापक्ष का भी हंगामा चलता रहा, जिसकी वजह से किसी दिन तीन मिनट में तो किसी दिन पांच मिनट में और किसी दिन नौ मिनट में संसद स्थगित होती रही। राहुल गांधी के लंदन में दिए भाषण को देश का अपमान बता कर भाजपा ने उन माफी मांगने का दबाव बनाया और इस नाम पर 13 मार्च से 22 मार्च तक सत्र नहीं चलने दिया।

दूसरी दिलचस्प और रिकॉर्ड बनाने वाली बात यह रही कि पहली बार ऐसा हुआ कि कोई दो हफ्ते तक सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस के सांसद काले कपड़ों में संसद आते रहे और राहुल गांधी की सदस्यता खत्म किए जाने का विरोध करते रहे। दोनों सदनों में कांग्रेस के 80 से ज्यादा सांसद हैं और 23 मार्च से हर दिन लगभग सभी सांसद काले कपड़ों में संसद आते थे और नारेबाजी करते थे। तीसरी रिकॉर्ड बनाने वाली बात यह रही है कि लंबे अरसे के बाद ऐसा हुआ कि संसद के दोनों सदनों में लगातार हंगामा हुआ और कार्यवाही नहीं चली। हंगामे के बीच ही सरकार ने बजट वगैरह पास कराए लेकिन बहस नहीं हुई। इसके बावजूद संसद का सत्र पूरे समय चला। सोचें, इससे पहले के शीतकालीन सत्र या मॉनसून सत्र या पिछले साल के बजट सत्र के बारे में। इनमें कामकाज हो रहा था और उत्पादकता सौ फीसदी के करीब थी फिर भी ये सत्र समय से पहले स्थगित हुए। लेकिन इस बार कोई कामकाज नहीं हो रहा था, सिर्फ हंगामा हो रहा था फिर भी सत्र पूरे समय चला।

# सिर्फ गठबंधन पर्याप्त नहीं है

**अजीत द्विवेदी**

अभी तक विपक्षी पार्टियों का गठबंधन तय नहीं हुआ है। उसकी एक मोटी रूप–रेखा उभर रही है लेकिन उसे अंतिम नहीं माना जा सकता है। राहुल गांधी को मानहानि के मामले में सजा होने और लोकसभा की सदस्यता समाप्त किए जाने के तात्कालिक दबाव में विपक्ष ने कांग्रेस के प्रति जो सद्भाव दिखाया है वह कितना टिकाऊ है, यह नहीं कहा जा सकता है। हां, यह जरूर है कि उस घटना ने विपक्ष को एक प्लेटफॉर्म पर लाने की पहल को तेज कर दिया है। लेकिन सवाल है कि क्या विपक्ष एक प्लेटफॉर्म पर आ जाए और एक दर्जन या डेढ़ दर्जन पार्टियों का गठबंधन बन जाए तो उससे भाजपा को हराया जा सकेगा?इसमें कोई संदेह नहीं है कि ऐसा होने पर भाजपा से लड़ने की विपक्ष की ताकत बढ़ जाएगी लेकिन सिर्फ उसके दम पर भाजपा को हरा देना संभव नहीं है। पिछले चुनाव के आंकड़ों का जिन लोगों ने भी बारीकी से विश्लेषण किया है उनको पता है कि विपक्ष का मजबूत गठबंधन कुछ राज्यों में भाजपा की सीटें कम कर सकता है लेकिन सिर्फ उसके दम पर हरा कर सत्ता से बाहर कर देना मुश्किल है।

पिछले लोकसभा चुनाव में देश के 11 बड़े राज्यों में भाजपा को 50 फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले थे। इन 11 राज्यों में कहीं कांग्रेस से सीधा मुकाबला था, कहीं कुछ और पार्टियां भी थीं, कहीं गठबंधन था और कहीं सभी पार्टियां अपने अपने दम पर लड़ी थीं। लेकिन हकीकत यह है कि बाकी सभी पार्टियों का साझा वोट 50 फीसदी से कम था। तीन राज्यों– गुजरात, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भाजपा को 60 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे। पांच राज्यों– राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और दिल्ली में 55 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। इन आठ राज्यों के अलावा कर्नाटक और छत्तीसगढ़ में 50 फीसदी से ज्यादा वोट मिले। उत्तर प्रदेश में 49.98 यानी ठीक 50 फीसदी वोट मिले। महाराष्ट्र में शिव सेना का गठबंधन था और इस गठबंधन को 51.36 फीसदी वोट मिले थे। अगर महाराष्ट्र को छोड़ दें तो बाकी 11 राज्यों में लोकसभा की 225 सीटें हैं, जिनमें से 202 सीटें भाजपा ने जीती थीं। अगर इस गणित के हिसाब से देखें तो इन राज्यों में सभी विपक्षी पार्टियां एकजुट होकर लड़ी होतीं तब भी संभव है कि भाजपा को इतनी ही सीटें मिलतीं।

तभी यह मानना एक तरह की गलतफहमी पालना है कि अगर विपक्षी पार्टियों ने गठबंधन बना लिया या सभी सीटों पर भाजपा के मुकाबले विपक्ष का भी



एक ही उम्मीदवार हुआ तो भाजपा को हराया जा सकता है। देश के उत्तर और पश्चिमी हिस्से में भाजपा की स्थिति ऐसी है कि सिर्फ विपक्ष के एकजुट हो जाने भर से उसको नहीं हराया जा सकेगा। ज्यादातर पार्टियां खास कर उत्तर और पूर्वी भारत की प्रादेशिक पार्टियां इस बात को नहीं समझ रही हैं। डीएमके नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इस स्थिति को समझा है और तभी उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों को एक प्लेटफॉर्म पर लाने के साथ साथ एक साझा एजेंडा तय करने की भी पहल की है। उन्होंने इस बात को समझा है कि विपक्षी पार्टियों के एक साथ आने के जितना ही यह भी जरूरी है कि विपक्ष के पास भाजपा से मुकाबले का एक सैद्धांतिक आधार हो। यह समझने की जरूरत है कि किसी भी बड़ी लड़ाई के लिए एक अच्छा सिद्धांत होना जरूरी है।

स्टालिन ने इसके लिए अपने एक संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस की ओर से सामाजिक न्याय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। मीडिया में इस सम्मेलन की रिपोर्टिंग विपक्ष को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर ही हुई। लेकिन असल में यह सम्मेलन एजेंडा तय करने का था। यह बड़ी दूरदृष्टि के साथ आयोजित कार्यक्रम था। विपक्षी पार्टियां जब साथ आ जाएंगी तो वे किन मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी, यह सम्मेलन उन मुद्दों पर विचार के लिए था। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के एजेंडे को चुनौती देने वाले कौन से मुद्दे हो सकते हैं, जिन पर नागरिकों को सोचने के लिए मजबूर किया जा सकता है, उन मुद्दों पर इस सम्मेलन में विचार हुआ। हालांकि उत्तर भारत के ज्यादातर नेता मोटा–मोटी बातें करते रहे और भाजपा व आरएसएस पर हमला करने तक सीमित रहे लेकिन खुद स्टालिन और राजद के राज्यसभा सांसद मनोज झा ने बारीकी से उन मुद्दों का जिक्र किया, जिनके आधार पर भाजपा को मजबूत चुनौती दी जा सकती है।

स्टालिन ने एक बहुत बड़ी बात कही। उन्होंने आर्थिक आधार पर सवर्णों के आरक्षण का मुद्दा उठाया और कहा कि इससे सामाजिक न्याय नहीं सुनिश्चित होता है। ध्यान रहे इस कानून पर देश की लगभग सभी पार्टियां सहमत हैं और जहां विपक्षी पार्टियों का राज है वहां भी इसे खुशी खुशी लागू किया गया है। लेकिन स्टालिन ने इसका अध्याय फिर खोल दिया है। उन्होंने कहा कि वर्ग की बजाय वर्ण यानी जाति ही सामाजिक न्याय की किसी भी योजना का आधार हो सकती है। उनका तर्क था कि कोई अमीर व्यक्ति गरीब हो सकता है, कोई गरीब व्यक्ति अमीर बन सकता है, कोई व्यक्ति अपनी अमीरी छिपा कर गरीब बना रह सकता है लेकिन जाति की वजह से जो छुआछूत और भेदभाव है वह नहीं बदलता है। उनका जोर एक्सक्लूजन पर था। उन्होंने कहा कि समाज और व्यवस्था दोनों समावेशी नहीं हैं। सो, अगर अगले चुनाव में विपक्ष सामाजिक न्याय और आरक्षण को मुद्दा बनाता है तो यह उसका प्रस्थान बिंदु है।

सामाजिक न्याय के सम्मेलन में संघवाद, राज्यों की स्वायत्तता, धर्मनिरपेक्षता, समानता, भाईचारा और सामाजिक न्याय को लेकर स्टालिन ने विस्तार से बात की। अब तक इन मुद्दों पर टुकड़ों टुकड़ों में बात हो रही थी। पहली बार इतने व्यवस्थित तरीके से देश की 16 पार्टियों के नेताओं की मौजूदगी में इन पर चर्चा हुई। विपक्षी पार्टियां इस बात पर सहमत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भले सहकारी संघवाद की बात करते हैं लेकिन केंद्र की नीतियों की वजह से राज्यों की शक्तियों का ह्रास हो रहा है। सो, राज्यों की स्वायत्तता को लेकर कोई नई मसौदा नीति विपक्ष की पार्टियों के लिए मददगार हो सकती है। इसी तरह धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पिछले कुछ समय से धर्मनिरपेक्षता को देश और हिंदू विरोध माना जाने लगा है। उस मिथक को तोडऩे का प्रयास विपक्षी पार्टियों को करना चाहिए। केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों की वजह से देश में आर्थिक असमानता पैदा हुई है। आजादी के बाद कभी भी ऐसी विषमता नहीं रही है। विपक्ष अगर इस बारे में सिद्धांत तय करे कि राष्ट्रीय संसाधनों का अधिकतम समानता के साथ इस्तेमाल होगा और उसका मकसद हर व्यक्ति को हिस्सेदार बनाने का होगा तो यह एक बड़ी वैकल्पिक नीति हो सकती है। राजद नेता मनोज झा ने जाति आधारित जनगणना का मुद्दा उठाया और इस बात पर जोर दिया कि इसके बगैर सामाजिक न्याय की नीतियों पर सफलतापूर्वक अमल संभव नहीं है। उनका सुझाव था कि जब भी जनगणना हो तो जातियों की गिनती के लिए दबाव बनाया जाए और नहीं तो विपक्ष इसका बहिष्कार करे। यह सामाजिक न्याय की सबसे पहली जरूरत बताई गई लेकिन अगर वोट की राजनीति के लिहाज से भी देखें तो यह विपक्ष का कारगर हथियार हो सकता है। सो, स्टालिन की पहल पर विपक्ष अगले चुनाव का एजेंडा तय करता दिख रहा है। एकजुट होने के साथ साथ अगर जरूरी मसलों पर वैकल्पिक दृष्टि के साथ अगर साझा सिद्धांत भी तय होता है तो उससे भाजपा को चुनौती मिलेगी।


**स्टालिन ने इसके लिए अपने एक संगठन ऑल इंडिया फेडरेशन फॉर सोशल जस्टिस की ओर से सामाजिक न्याय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया। मीडिया में इस सम्मेलन की रिपोर्टिंग विपक्ष को एकजुट करने के प्रयास के तौर पर ही हुई। लेकिन असल में यह सम्मेलन एजेंडा तय करने का था। यह बड़ी दूरदृष्टि के साथ आयोजित कार्यक्रम था। विपक्षी पार्टियां जब साथ आ जाएंगी तो वे किन मुद्दों पर चुनाव लड़ेंगी, यह सम्मेलन उन मुद्दों पर विचार के लिए था। भाजपा के हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के एजेंडे को चुनौती देने वाले कौन से मुद्दे हो सकते हैं, जिन पर नागरिकों को सोचने के लिए मजबूर किया जा सकता है, उन मुद्दों पर इस सम्मेलन में विचार हुआ।**

# एमी एला ने पिंक डीपनेक लहंगे में शेयर की हॉट तस्वीरें, देसी लुक में नजर आईं बेहद खूबसूरत

भारतीय और ऑस्ट्रेलिया की सुपर हॉट मॉडल और अभिनेत्री एमी एला इन दिनों अपनी बोल्डनेस और ग्लैमरस अंदाज को लेकर खूब चर्चाएं बटौर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो फैंस के बीच तेजी से वायरल होने लगती हैं। बता दें कि एमी को कैटरीना कैफ की हमशक्ल भी माना जाता है।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट गॉर्जियस लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक्ट्रेस एमी एला एक्ट्रेस और मॉडल होने के साथ–साथ एक बहतरीन डांसर भी हैं। वो हर बार अपनी हॉटनेस और सिजलिंग अदाओं के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। एमी एला जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट की हैं। इन फोटोज में उन्होंने सिजलिंग पिंक कलर का लहंगा और साथ ही डीपनेक ब्लाउज पहना हुआ है। अभिनेत्री अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट लग रही हैं। एमी एला अपनी इन फोटोज में कैमरे के सामने अपना क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई फोटोशूट करवा रही हैं। ओपन हेयर, कानों मे इयरिंग्स और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं और इंस्टाग्राम पर एमी एला की फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी तगड़ी है।

# फेशियल ऑयल क्या है ? जानिए इसे लगाने का सही तरीका



`हरे पर प्राकृतिक चमक लाने और इसे हाइड्रेट रखने में मदद कर सकता है। ये तेल आमतौर पर पौधों के अर्क, एंटी–ऑक्सिडेंट, गैर–कॉमेडोजेनिक वनस्पति तेलों और एसेंशियल ऑयल्स से बने होते हैं, जो त्वचा को नरम, पोषित और संतुलित करते हैं। ये आपकी त्वचा को प्रदूषक कणों और सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से भी बचाते हैं। आइए आज हम आपको त्वचा की देखभाल के लिए फेशियल ऑयल के इस्तेमाल का सही तरीका बताते हैं।

फेशियल ऑयल क्या हैं?

फेशियल ऑयल चेहरे पर लगाया जाने वाला पोषक तत्वों से भरपूर तेल होता है। यह आपकी त्वचा में नमी और हाइड्रेशन से भरपूर बनाने में मदद करता है। यह तेल त्वचा में गहराई तक प्रवेश करता है और सीबम के उत्पादन को नियंत्रित करते हुए इसे महत्वपूर्ण पोषक तत्वों की आपूर्ति करता है। यह चेहरे को चिकना किए बिना महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में भी सहायक है।

**फेस ऑयल कैसे चुनें?**

चेहरे के लिए ऐसे तेल चुनें, जो प्राकृतिक और जैविक अवयवों से बने हों और आपकी त्वचा को पोषण प्रदान करें। मिट्टी जैसी और ताजी सुगंध वाले तेल शुद्ध और अनरिफाइंड गुणों का संकेत देते हैं। अगर आपकी तैलीय या मुंहासे वाली त्वचा है तो जोजोबा, हेजलनट और पेरिला के अर्क वाले फेशियल ऑयल चुनें। यदि आपकी त्वचा रूखे प्रकार की है तो आर्गन, मराकुजा, अंगूर के बीज या सूरजमुखी तेल को चुनें।

**सीरम बनाम फेशियल ऑयल**

फेशियल ऑयल का मुख्य उद्देश्य त्वचा को पोषण प्रदान करते हुए इसे हाइड्रेट और मॉइस्चराइज करना है। दूसरी ओर, एक फेशियल सीरम विभिन्न त्वचा की समस्याओं जैसे जलन, सूजन, महीन रेखाओं और झुर्रियों को दूर करने में मदद करता है। सीरम हल्के और पानी आधारित होते हैं, जबकि फेशियल ऑयल आमतौर पर भारी होते हैं। आप पहले सीरम का उपयोग कर सकते हैं और उसके बाद फेशियल ऑयल लगा सकते हैं। आप घर पर भी फेस सीरम बना सकते हैं।

**फेशियल ऑयल को लगाने का सही तरीका क्या है?**

त्वचा की देखभाल के दिनचर्या में अंतिम चरण के तौर पर चेहरे पर फेशियल ऑयल लगाया जाना चाहिए ताकि सुबह उठकर आपके चेहरे पर चमक रहे। आप चाहें तो दिन में इसे लगाने के लिए इसकी कुछ बूंदों को अपने मॉइस्चराइजर में मिला सकते हैं। अधिकतम लाभ प्राप्त करने के लिए इसे दिन में 2 बार उपयोग करें।

## पिटबुल के हमले में दो नाबालिग भाई लहूलुहान

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** ग्रेटर नोएडा के कासना थाना इलाके के लिया ना गांव में पिटबुल ने हमला कर दो भाइयों को घायल कर दिया। पिटबुल के मालिक पिता–पुत्र पर पुलिस में केस दर्ज हुआ है। इससे पहले भी खतरनाक नस्ल के कुत्तों के हमले के कई मामले सामने आ चुके हैं, इनमें कई लोग घायल हो चुके हैं। कासना थाना इलाके के नियाना गांव में दिल्ली पुलिस के दरोगा नागेंद्र भाटी के दो नाबालिग बेटों को पिटबुल ने काट कर लहूलुहान कर दिया। पिटबुल ने पहले छोटे भाई राज भाटी पर हमला किया और उसे बचाने का प्रयास करने आए बड़े भाई नारायण भाटी को भी काट लिया।आरोप है कि फिरेराम और उसके बेटे अमित ने पालतू कुत्ते को गली में खुला छोड़ रखा था। नागेंद्र ने आरोपी पिता–पुत्र के खिलाफ कासना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक पिटबुल ने राज के हाथ की कोहनी से थोड़ा ऊपर के हिस्से को जबड़े में दबा लिया था। शोर मचाने पर भी पिटबुल ने उसे नहीं छोड़ा। इसी बीच नारायण पिटबुल से भिड़ गया आसपास के लोग भी उसे छुड़ाने का प्रयास करने लगे, पिटबुल ने करीब 3 मिनट बाद राज का हाथ छोड़ा। कुत्ते ने राज के हाथ और पैर और नारायण के दोनों पैरों को जख्मी कर दिया है।

## मुंबई में घुस आए हैं तीन आतंकी, फोन कॉल पर मिली सूचना के बाद अलर्ट जारी


**मुंबई (एजेंसी)।** तीन आतंकियों के मुंबई में घुस आने से पुलिस अलर्ट हो गई है। सभी विभागों को सूचित कर दिया गया है। बताया जाता है कि तीनों आतंकी दुबई से मुंबई आए हैं। इन तीनों के मुंबई आने की सूचना एक फोन कॉल से दी गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अज्ञात लोगों ने मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर सूचना दी है कि तीन आतंकवादी मुंबई में आ गए हैं।

फोन करने वाले ने दावा किया कि तीन आतंकवादी शुक्रवार सुबह तड़के दुबई से आए थे और उनका संबंध पाकिस्तान से है। फोन करने वाले ने एक आतंकी का नाम भी बताया है। एक आतंकी का नाम मुजीब सैयद है और फोन करने वाले ने पुलिस को अपना मोबाइल नंबर और कार का नंबर भी दिया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, घटना से जुड़े अधिकारियों को संदेह है कि ये जानकारी फर्जी हो सकती है। पुलिस फोन करने वाले का पता लगा रही है। गौरतलब है, मुंबई में पहले भी समुद्र के रास्ते पाकिस्तान से आए आतंकवादियों ने 26 नवंबर, 2008 को हमला कर दिया था। यह हमला 29 नवंबर को रुका। इस दौरान 166 लोगों मारे गए, वहीं 300 लोग घायल हुए थे। इस घटना में भारतीय सुरक्षा बलों ने अहम भूमिका निभाई थी। जवानों ने नौ आतंकवादियों को मार गिराया था। अजमल कसाब इकलौता आतंकवादी था, जिसे जिंदा पकड़ा गया और 21 नवंबर 2012 में फांसी दे दी गई थी

## मंत्री तेज प्रताप यादव के साथ होटल में बदसलूकी, सामान सहित निकाला गया बाहर

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री लालू यादव के बेटे तेज प्रताप यादव से बदसलूकी का मामला सामने आया है। यहां तेज प्रताप यादव का सामान वाराणसी के सिगरा क्षेत्र स्थित एक होटल से बाहर निकालने का प्रकरण सामने आया है। इस संबंध में मंत्री तेजप्रताप यादव के निजी सहायक विशाल सिन्हा ने सिगरा थाने में शिकायत भी दी है। डीसीपी काशी जोन आरएस गौतम ने बताया कि इस पूरे प्रकरण की छानबीन कराई जा रही है। होटल प्रबंधन से भी पूछताछ की जा रही है।

# महाराष्ट्र में फिर बड़ा सियासी संकट! अजित पवार फिर गायब– सारे कार्यक्रम रद्द



**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता अजित पवार के फिर से 'गायबइ होने की खबरें आ रही हैं। उन्होंने अपने सारे आधिकारिक कार्यक्रम रद्द कर दिए और काफिला भी छोड़ दिया। इससे पहले 2019 में भी ऐसा किया था, उस वक्त उन्होंने बीजेपी के साथ गठबंधन कर सरकार बना ली थी। हालांकि, पार्टी की ओर से आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है और बताया है कि वह पुणे में ही हैं।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अजित ने शुक्रवार और शनिवार के पुणे में होने वाले सभी कार्यक्रम रद्द कर दिए हैं। इसके अलावा कयास लगाए जा रहे हैं कि वह एनसीपी के कुछ विधायकों के साथ संपर्क से बाहर हो गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, यह भी कहा जा रहा है कि पार्टी के कुछ विधायक भी गायब हैं।

सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि अजित की तरफ से दिए गए ताजा इंटरव्यू और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के अयोध्या दौरे के बाद अटकलों का दौर शुरू हो गया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल ही में अजित ने खुलासा किया था कि एनसीपी प्रमुख और कुछ अन्य लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को इस तरह की संभावित बगावत की चेतावनी थी, लेकिन उन्होंने इसे अनसुना कर दिया था। वह ठाकरे की अगुवाई वाली महाविकास अघाड़ी सरकार में उप मुख्यमंत्री भी रहे थे।

हाल ही में पवार ने एक रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री का मुद्दा उठाया था और कहा था कि इसके बारे में पूछना उचित नहीं है। उन्होंने कहा था, '2014 में क्या लोगों ने प्रधानमंत्री मोदी को डिग्री के आधार पर वोट दिया था? यह उनका व्यक्तित्व था, जिसने उन्हें चुनाव जिताने में मदद कीइ उन्होंने कहा, 'वह 9 सालों से देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनकी डिग्री के बारे में पूछना उचित नहीं है। हमें उनसे महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सवाल पूछने चाहिए।इ

उन्होंने आगे सवाल किया, 'अगर हमें उनकी डिग्री पर सफाई मिल जाएगी, तो क्या महंगाई कम हो जाएगी? क्या उनकी डिग्री के बारे में जानकर लोगों को नौकरी मिल जाएगी?इ

खास बात है कि सीएम शिंदे भी अयोध्या जा रहे हैं। सीएम बनन के बाद यह उनका पहला अयोध्या दौरा होगा। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि उनके साथ 5 हजार शिवसैनिक भी जा सकते हैं। वह शनिवार शाम राजधानी लखनऊ पहुंचेंगे और यूपी के समकक्ष योगी आदित्यनाथ से मिलेंगे। रविवार को वह अयोध्या के लिए रवाना होंगे।

## सिंगापुर में तमिल व्यक्ति को सीढ़ियों से ढकेला, मौत

**सिंगापुर , एजेंसी।** सिंगापुर के एक शॉपिंग मॉल के बाहर एक व्यक्ति द्वारा धक्का देकर सीढियों से नीचे गिरा दिए जाने से तमिल मूल के 34 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई। थेवेंद्रन षणमुगम पिछले महीने ऑर्चर्ड रोड में कॉनकॉर्ड शॉपिंग मॉल के बाहर सीढ़ियों से पीछे की ओर गिर गया था। इससे उसकी खोपड़ी में कई फ्रैक्चर हो गए थे।

षनमुगम को धक्का देने वाले 27 वर्षीय मुहम्मद अजफरी अब्दुल काहा पर घटना के एक दिन बाद ही जानबूझकर गंभीर चोट पहुंचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था।रिपोर्ट में कहा गया है कि अदालती दस्तावेजों में इस बात का उल्लेख नहीं है कि दोनों व्यक्ति घटना से पहले एक–दूसरे को जानते थे या नहीं।यह घटना कथित तौर पर कॉनकॉर्ड शॉपिंग मॉल में नाइटस्पॉट के रूप में लोकप्रिय क्लब रूमर्स के बाहर हुई जिसमें कई बार और नाइटक्लब हैं।नाइटक्लब ने इन दावों का खंडन किया कि हमले के दिन षणमुगम वहां आया था।

## लिट्टे को फिर से खड़ा कर रहे रैकेट का भंडाफोड़, एनआईए ने चेन्नई में एक को पकड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (एलटीटीई) को पुनर्जीवित करने के लिए काम कर रहे भारत–श्रीलंका के अवैध ड्रग्स और हथियारों की तस्करी करने वाले रैकेट पर छापेमारी की है। चेन्नई में संदिग्धों के कई स्थानों पर छापा मारकर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। एनआईए ने छापे के दौरान भारी मात्रा में नकदी, सोने के बिस्कुट, डिजिटल डिवाइस, ड्रग्स और दस्तावेज के साथ–साथ अन्य आपत्तिजनक सामग्री भी जब्त की।एजेंसी ने जुलाई 2022 में रैकेट की जांच शुरू की। अब तक एनआईए ने मामले में 14 गिरफ्तारियां की हैं।इससे पहले पिछले साल दिसंबर में पूरे तमिलनाडु में 21 जगहों पर छापेमारी कर 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। मामले की जांच से पता चला है कि श्रीलंका में ड्रग्स और हथियारों तस्करी से होने वाली आय हवाला एजेंटों के माध्यम से भारत में प्राप्त हुई थी, इसमें चेन्नई का शाहिद अली भी शामिल था। यह भी पाया गया कि हवाला का लेन–देन मन्नदी, चेन्नई में स्थित होटलों और व्यवसायों के माध्यम से किया गया था।गुरुवार की जब्ती में शाहिद अली की दुकान से 68 लाख रुपये भारतीय मुद्रा और 1,000 सिंगापुरी डॉलर, सोने के नौ बिस्कुट (कुल 300 ग्राम) शामिल हैं। एनआईए ने चेन्नई के होटल ऑरेंज पैलेस से भारतीय मुद्रा में 12 लाख रुपये भी बरामद किए।गुरुवार की तलाशी के बाद गिरफ्तार संदिग्ध की पहचान अय्यप्पन नंदू के रूप में हुई है। वह एक श्रीलंकाई शरणार्थी और मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले मुहम्मद अस्मीन की ओर से नशीली दवाओं के व्यापार का प्रबंधन करता है। उसने ड्रग्स और हथियारों के व्यापार के माध्यम से लिट्टे को पुनर्जीवित करने के लिए अन्य अभियुक्तों के साथ साजिश रची।

00

## आतंकवाद के खिलाफ चौतरफा अभियान शुरू करेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ,एजेंसी।** पाकिस्तान की शीर्ष सुरक्षा संस्था, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद (एनएससी), आतंकवाद का सफाया करने के लिए एक समग्र व्यापक अभियान शुरू करने पर सहमत हुई और कथित तौर पर अफगानिस्तान से आने वाले आतंकवादियों से निपटने के लिए 15 दिनों के भीतर राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपी) को फिर से शुरू करने की कसम खाई है। प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ की अध्यक्षता में एनएससी की बैठक में निर्णय लिया गया जिसमें सशस्त्र बलों, खुफिया एजेंसियों और अन्य सैन्य और नागरिक अधिकारियों के प्रमुखों ने भाग लिया।

इसमें कहा गया, एनएससी ने एक नए संकल्प, ध्ढ़ संकल्प और वीरता के साथ देश से आतंकवाद के खतरे को खत्म करने के लिए सरकार और राष्ट्र के समर्थन से एक बहु–आयामी व्यापक अभियान को मंजूरी दी।

समिति ने घोषणा की है कि आतंकवाद की हालिया लहर प्रतिबंधित तहरीक–ए–तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ नरम रुख और एक सुविचारित नीति की अनुपस्थिति का परिणाम थी, जिसे एक आतंकवादी संगठन घोषित किया गया था, लेकिन जनता की उम्मीदों के खिलाफ और इच्छा, पिछली नीति के तहत आतंकवादियों को बिना किसी बाधा के लौटने की अनुमति थी।

विश्वास बहाली के नाम पर टीटीपी के खतरनाक आतंकवादियों को जेलों से रिहा किया गया।बयान में कहा गया कि यह नोट किया गया कि अफगानिस्तान से खतरनाक आतंकवादियों की वापसी और उन्हें विभिन्न आतंकवादी संगठनों के समर्थन के कारण, शांति और स्थिरता, जो असंख्य बलिदानों और निरंतर प्रयासों का परिणाम थी, प्रभावित हुई।2 जनवरी को पेशावर पुलिस लाइन पर हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद हुई एनएससी की यह 41वीं बैठक थी।

## हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी : भागवत

**जयपुर , एजेंसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डा मोहनराव भागवत ने कहा है कि संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है और हम विश्व मंगल साधना के मौन पुजारी हैं। डा भागवत शनिवार को जयपुर के जामडोली स्थित केशव विद्यापीठ में चल रहे सेवा संगम के दूसरे दिन देशभर से आए सेवा भारती के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इसके लिए सामर्थ्य–सम्पन्न संघ शक्ति चाहिए, क्योंकि अच्छा कार्य भी बिना शक्ति के कोई मानता नहीं है, कोई देखता नहीं है। यह विश्व का स्वभाव है।

उन्होंने कहा कि संघ की प्रार्थना में विजेत्री च नः संहता कार्यशक्र्ति विधायास्य धर्मस्य संरक्षणम्। परं वैभवं नेतुमेतत् स्वराष्ट्रं ऐसा कहा गया है। संगठित कार्य शक्ति हमेशा विजयी रहती है। धर्म का सरंक्षण करते हुए हम राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न बनाएंगे।

उन्होंने कहा कि संघ की प्रेरणा से स्वयंसेवकों ने सेवा कार्य किए। इनसे ही सेवा भारती का जन्म हुआ। सेवा का कार्य सात्विक होता है। फल की इच्छा नहीं रखकर किए जाने वाले कार्य सात्विक होते हैं। जो कार्य स्वार्थवश किए जाते हैं वे राजसी कार्य होते हैं।

तामसिक कार्य भी होते हैं, ऐसा करने वाले अपना भी भला नहीं करते और दूसरों का भी नुकसान करते हैं। सेवा का लाभ सेवित और सेवक दोनों को होता है। सेवक निस्वार्थ बुद्धि से सेवा करते हैं। उन्होंने निस्वार्थ सेवा पर बल देते हुए कहा कि कार्यकर्ता कार्य के स्वभाव के साथ तन्मय होता है, तब कार्य होता है। कार्य के अनुरूप कार्यकर्ता हो, ऐसी समझ हमें विकसित करनी है। सेवा कार्य मन की तड़पन से होते हैं। हमें विश्व मंगल के लिए काम करना है। इसलिए काम करने वालों का बड़ा समूह खड़ा करना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का प्रबोधन करते हुए कहा कि कार्य करने के लिए कार्यकर्ता में रुचि, ज्ञान और भान होना आवश्यक है। हमें जय–जय नहीं करनी है और ना ही करानी है। जो सबने मिलकर तय किया उसको मानना और असहमत होते हुए भी कार्य सफल करना कार्यकर्ता का स्वभाव होना चाहिए। सेवा कार्य में जोश से ज्यादा होश की आवश्यकता रहती है।

डॉ. भागवत ने प्रसिद्धि से दूर रहकर सेवा कार्य करने पर बल देते हुए कहा कि सेवा करते हैं तो अपने आप प्रसिद्धि मिलती है लेकिन उस ओर ध्यान नहीं देना है। सात्विक सेवा के पीछे अहंकार नहीं होता है। कई बार छोटी– छोटी बातों से बड़ी बातें बनती हैं। सात्विक प्रकृति का हमारा कार्य है, इसलिए सात्विक कार्यकर्ता बनाने पड़ेंगे। ऐसा करने में अहंकार आड़े नहीं आने देना है। पूरे उत्साह से कार्य करते हुए मन, वाणी और शरीर का तप हमें करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सेवा में उग्रता नहीं सौम्यता चाहिए। ज्यादा बड़बोलापन काम का नहीं है। इसलिए सौ काम हो जाएं, तब एक बताने का हमारा स्वभाव होना चाहिए। भावों की निरंतर शुद्धि करते रहना चाहिए। हम अपनों की सेवा कर रहे हैं, इसमें मनुष्यता की अभिव्यक्ति है। हम कोई बड़ा काम नहीं कर रहे हैं। यह हमारा सामाजिक दायित्व है। ऐसे मन को रखना, इसे ही मानस–तप कहते हैं।

उन्होंने कहा कि सेवा का कार्यकर्ता बनना बहुत आसान बात नहीं है। अपना जैसा रीति रिवाज है, वैसा अन्य किसी संस्था में नहीं है। हम अपनी–अपनी जगह खूब सेवा कार्य करते हैं।

सेवा का काम डॉ. हेडगेवार की जन्म शती से नहीं, उनके जन्म से शुरू हुआ। संघ की स्थापना तक डॉ. हेडगेवार ने भी बहुत सेवा कार्य किए। आपदा प्रबंधन भी किया। पीड़ितों की सेवा भी की। इसी का प्रतिबिंब संघ के कार्यक्रमों में आया और जगह जगह होने वाले सेवा कार्यों को सेवा भारती के रूप में व्यवस्थित रूप दिया गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सेवा के लिए उपयुक्त एवं उत्कृष्टतापूर्ण कार्यकर्ता बनने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## सोनीपत का युवक गंगा में डूबा

ऋषिकेष। गंगा में पर्यटकों की डूबने की घटनाएं नहीं थम रही हैं। शनिवार को नहाते हुए सोनीपत के एक पर्यटक की गंगा में डूबने से मौत हो गई। तत्काल सूचना पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने बामुश्किल शव को तलाश कर गंगा से बाहर निकाला। पंचनामा भर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

इस बाबत युवक के परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक विकास (30) पुत्र मनोज मदान निवासी वेस्ट रामनगर, सोनीपत हरियाणा ऋषिकेश में दो दोस्तों के साथ घूमने पहुंचा था।

दोपहर में तीनों गंगा में नहाने के लिए मस्तराम घाट पर पहुंचे। अचानक तेज प्रवाह की चपेट में आकर विकास बह गया। आंखों से ओझल होने पर तत्काल साथी रोहित और शिवानी ने पुलिस को सूचित किया।

मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने गंगा में विकास की तलाश को अभियान चलाया। कुछ देर बाद ही एसडीआरएफ के गोताखारों ने गंगा में 20 फीट नीचे से विकास के शव को बरामद कर लिया।

## संसदीय पैनल ने सरकार से घाटे में चल रहे सार्वजनिक उपक्रमों को पुनर्जीवित करने के लिए कदम उठाने को कहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारी उद्योग मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में चल रहे 16 सेंट्रल पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइजेज (सीपीएसई) में से पांच सीपीएसई जिनमें हैवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) और हिंदुस्तान मशीन टूल्स (एचएमटी) शामिल हैं, घाटे में चल रहे हैं। राज्यसभा के उच्च स्तरीय संसदीय पैनल ने इस तथ्य पर चिंता व्यक्त की है और यह भी नोट किया है कि मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत कई सीपीएसई धीरे–धीरे कम हो रहे हैं।पैनल ने भारी उद्योग मंत्रालय से अपने नियंत्रण वाले सीपीएसई के प्रदर्शन को बढ़ाने की दिशा में काम करने और घाटे में चल रही इकाइयों को पुनर्जीवित करने के लिए पुनर्गठन उपायों को अपनाने के लिए कहा है, ताकि पीएसयू को और बंद न किया जा सके।

उद्योग पर संसदीय स्थायी समिति, जिसकी अध्यक्षता डीएमके सांसद तिरुचि शिवा कर रहे हैं, उन्होंने हाल ही में समाप्त हुए बजट सत्र के दौरान संसद में पेश की गई अपनी रिपोर्ट में कहा है कि एचईसी पिछले कई वर्षों से लगातार घाटे में चलने वाला उद्यम रहा है, फिर भी 2023–24 के लिए बजटीय सहायता के रूप में 0.01 करोड़ रुपये की नाममात्र राशि रखी गई है।

इस प्रकार समिति ने सिफारिश की है कि मंत्रालय को एचईसी की स्थिति में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने चाहिए और यदि आवश्यकता पड़ी तो संशोधित अनुमान स्तर पर अतिरिक्त धन की मांग कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मंत्रालय को अपने प्रशासनिक दायरे में सीपीएसई को पुनर्जीवित करने और मजबूत करने के लिए उठाए गए कदमों और योजनाओं का ब्योरा पैनल को देना चाहिए।

एचईसी और एचएमटी के अलावा, मंत्रालय के नियंत्रण में घाटे में चल रहे अन्य पीएसयू इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड (ईपीआईएल), राजस्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंट्स लिमिटेड (आरईआ-ईएल) और एनईपीए लिमिटेड हैं। समिति ने इस बात पर भी निराशा व्यक्त की कि साल दर साल भारी उद्योग मंत्रालय के नियंत्रण वाले सीपीएसई की संख्या घट रही है।समिति ने सिफारिश की है कि मंत्रालय को उन कारणों का गंभीर और समग्र विश्लेषण करना चाहिए जो उसके पीएसई को बीमार और घाटे में चल रहे हैं, और उनके पुनरुद्धार और बहाली के लिए ठोस प्रयास करें।

00

## 1000 करोड़ के स्टूडियो पर चला बुल्डोजर, रामसेतु, आदिपुरुष जैसी फिल्मों की हुई है यहां शूटिंग

**मुंबई (एजेंसी)।** यहां मड आइलैंड में बृहन्मुंबई महानगरपालिका ने 1000 करोड़ के स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करते हुए समुद्र किनारे पर बने इस स्टूडियो पर बुलडोजर चला दिया। इस मामले की शिकायत बीजेपी के नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने की थी। इस स्टूडियो में रामसेतु, आदिपुरुष जैसी कई बड़ी फिल्मों की शूटिंग भी हुई थी।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, महाराष्ट्र के पर्यावरण मंत्रालय और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण (एनजीटी) ने बृहन्मुंबई महानगरपालिका को अवैध स्टूडियो के खिलाफ कार्रवाई करने का आदेश दिया था।

## ... जब नशे में धुत यात्री खोलने लगा उड़ते प्लेन का इमरजेंसी गेट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** उड़ानों के दौरान नशे में धुत यात्रियों द्वारा गलत व्यवहार करने के खबरें लगातार सामने आती रहती हैं। ऐसी ही एक घटना शुक्रवार को हुई, जब नशे में धुत एक पैसेंजर ने इंडिगो की दिल्ली–बेंगलुरु फ्लाइट के हवा में रहते ही इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को खोलने की कोशिश की। उसकी इस हरकत को देखते ही क्रू मेंबर ने इसकी सूचना विमान के कैप्टन को दी। कैप्टन ने मौके पर ही उस शख्स को चेतावनी दी। इसके बाद जब विमान बेंगलुरु एयरपोर्ट पर लैंड कर गया तो उस शख्स को सीआईएसएफ के हवाले कर दिया गया।इंडिगो की एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि 'दिल्ली–बेंगलुरु इंडिगो उड़ान के इमरजेंसी दरवाजे के फ्लैप को कथित तौर पर खोलने की कोशिश करने के लिए नशे में धुत एक 40 वर्षीय यात्री के खिलाफ मामला दर्ज किया गया हैइ विज्ञप्ति के मुताबिक ये घटना शुक्रवार सुबह करीब सात बजकर 56 मिनट पर आईजीआई हवाईअड्डे से उड़ी उड़ान संख्या 6ई 308 में हुई। इस पूरी घटना का विवरण देते हुए इंडिगो ने कहा कि 'दिल्ली से बेंगलुरु जाने वाली उड़ान 6ई 308 में यात्रा कर रहे एक यात्री ने नशे की हालत में इमरजेंसी निकास के फ्लैप को खोलने की कोशिश की।

## सी राजगोपालाचारी के परपोते सीआर केशवन भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल

**नई दिल्ली , एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी को दक्षिण भारत में एक और बड़ा झटका लगा क्योंकि कांग्रेस के दिग्गज नेता और देश के पहले भारतीय गवर्नर जनरल सी राजगोपालाचारी के परपोते सीआर केशवन भारतीय जनता पार्टी में हुए शामिल। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत बनाने के लिए संगठन को मजबूत बना रही है। कांग्रेस के दक्षिण भारत में कद्दावर नेता एक के बाद एक भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ले रहे हैं। वही भारतीय जनता पार्टी दक्षिण भारत में बड़े–बड़े नेताओं के आने के बाद और भी मजबूत होती जा रही है। सीआर केशवन को केंद्रीय मंत्री जनरल बीके सिंह ने सदस्यता दिलाई। जनरल वीके सिंह ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है की सी राजगोपालाचारी के परपोते ने देश सेवा के लिए भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर काम करने का निर्णय लिया है। जनरल वीके सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में जो विकास हो रहे हैं उससे प्रभावित होकर सीआर केशवन ने भारतीय जनता पार्टी में आने का निर्णय लिया।

## 101 बिल्डरों के खिलाफ 1705 आरसी, 503 करोड़ रुपये की वसूली के लिए मुनादी

**ग्रेटर नोएडा (एजेंसी)।** गौतमबुद्ध नगर जिला प्रशासन ने रेरा के बकाये की वसूली के लिए बकाएदार बिल्डरों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया हैं। उत्तर प्रदेश भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) के आदेशों का पालन नहीं करने पर नोएडा और ग्रेटर नोएडा के 101 बिल्डर कंपनियों के खिलाफ 1705 आरसी रेरा ने जिला प्रशासन के पास भेज रखी हैं। इनसे 503 करोड़ रुपये की वसूली की जानी है। जिला प्रशासन वर्ष 2021 में 32 बिल्डरों की 315 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त कर चुका है। जिला प्रशासन की 40 टीमों ने बिल्डर कंपनियों के दफ्तरों से लेकर घरों तक जाकर मुनादी करना शुरू कर दिया। उनके घर और दफ्तर के बाहर आरसी के नोटिस चस्पा किए जा रहे हैं। जो मुनादी के बाद भी रिस्पांस नहीं करेंगे, जिला प्रशासन उनकी संपत्ति सील करेगा, जब्त करने की कार्रवाई करेगा और जेल भी भेजेगा। इनमें तमाम बिल्डर कंपनियों के मालिकों के दफ्तर दिल्ली, फरीदाबाद, गुडग़ांव, गाजियाबाद या अन्य जिलों में है। वहां जाकर भी टीमें कार्रवाई करेंगी।

गौतमबुद्ध नगर के डीएम ने बताया कि 101 बिल्डर कंपनियों में तहसील दादरी के अंतर्गत 73 बिल्डर कंपनियां आती हैं। इनमें कई बड़े बिल्डर ग्रुपों की कंपनियां हैं। वेव मेगा सिटी सेंटर प्राइवेट लिमिटेड से 80.55 करोड़ की आरसी वसूली जानी है। लॉजिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा. लि. से 34.57 करोड़, सुपरटेक टाउनशिप प्रोजेक्ट लि.से 33.56 करोड़, महागुन इंडिया प्रा. लि. से 19.97 करोड़, पार्श्वनाथ डेवलपर्स लि. से 13.39 करोड़, इसके अलावा भी कई बड़े ग्रुपों की कंपनियां इनमें शामिल हैं, जिनसे वसूली होगी। एसडीएम सदर को अपनी टीम के साथ 28 बिल्डर कंपनियों से आरसी का पैसा वसूलना है। इनमें ग्रीनवे आरिस इंफ्रा से 17.63 करोड़ की वसूली का जानी है। इम्पीरिया स्ट्रक्चर लि. से 9.41 करोड़ की वसूली की जानी है। पार्श्वनाथ डेवलपर्स लि. से 4.99 करोड़, न्यू टैंक प्रमोटर्स से 3.79 करोड़ व बाकी सब इससे कम की राशि वसूली जानी है।

जिला प्रशासन ने इस तरह आरसी वसूलने के लिए पहले भी बिल्डरों पर कार्रवाई की है।

## पूर्व प्रेमिका की हत्या करने वाला गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 2020 में पैरोल पर छूटने और फिर अपनी पूर्व प्रेमिका की हत्या के दोषी को शहर के मंगोलपुरी इलाके से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

आरोपी की पहचान मंगोलपुरी इलाके के रहने वाले दीपक (37) के रूप में हुई है। पुलिस ने उस पर 50 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस के मुताबिक दीपक और उसके चार साथियों ने 2010 में रोहिणी के एक डॉक्टर के बेटे का अपहरण कर लिया था और उसे हरियाणा के घरौंडा ले गए।

